

उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 29 डिग्री

# जाति जनगणना से लोगों को मुख्यधारा में लाएंगे-पीएम मोदी

## भाजपा-NDA के CM-डिप्टी सीएम से कहा- ऑपरेशन सिंदूर ने आत्मविश्वास बढ़ाया




नई दिल्ली (ए.)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भाजपा-NDA शासित 19 राज्यों के CM-डिप्टी CM के साथ दिल्ली के बैठक की। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। PTI ने सूत्रों के हवाले से कहा- बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि जाति जनगणना उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हाशिए पर पड़े लोगों और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे।

पीएम ने ये भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता इसकी पुष्टि करती है कि देश ने आत्मनिर्भरता की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। स्वदेशी डिफेंस टेक्नोलॉजी ने सटीक निशाना लगाते हुए पाकिस्तान के ड्रोन-मिसाइल मार गिराए। पीएम मोदी ने भाजपा-NDA शासित राज्य सरकारों को गुड गवर्नेंस अपनाने का भी कहा है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा- मीटिंग में ऑपरेशन सिंदूर और जनगणना को लेकर प्रस्ताव पास हुआ। मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने, इंटरनेशनल योग डे 10 साल पूरे होने और देश में लगी इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया। नड्डा बोले- ऑपरेशन सिंदूर और जाति जनगणना पर प्रस्ताव पास हुआ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर को लेकर था, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाया गया। हमारी सेना के काम की खूब सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। नड्डा ने आगे कहा कि जाति जनगणना को लेकर भी एक प्रस्ताव पारित किया गया। सभी नेताओं ने इस पर सहमति दी और मोदी जी के इस फैसले की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। आतंकवाद के खिलाफ भारत का ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 टूरिस्ट की हत्या की गई थी। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे कश्मीर (PoK) के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद 10 मई तक पाकिस्तान ने भारत पर ड्रोन अटैक किए थे। सीमा पर भारी गोलाबारी भी की थी। 10 मई की दोनों देशों के बीच सीजफायर की घोषणा की गई थी। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद और पाकिस्तान का असल चेहरा दुनिया को बताने के लिए देश के 59 सांसदों को 33 देश भेजा है। 59 सांसद 7 सर्वदलीय टीमों (डेलिगेशन) में बंटे हैं। 7 टीमों के साथ 8 पूर्व राजनयिक भी हैं। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 20 मई को सांसदों को इस पहल के बारे में ब्रीफिंग दी थी।

## मन की बात कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयासः मुख्यमंत्री




### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में मन की बात के 122वें संस्करण का किया श्रवण

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रवासियों से निरंतर संवाद के माध्यम मन की बात के 122वें संस्करण का नई दिल्ली प्रवास के दौरान श्रवण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्ट्रसेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में बताया कि पिछले वर्षों में मधुमक्खी पालन क्षेत्र में भारत में एक क्रांति हुई है। आज से 10-11 साल पहले भारत में वार्षिक शहद उत्पादन 70-75 हजार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन के आसपास हो गया है। इस तरह शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

### मन की बात का 122वां एपिसोड

# ऑपरेशन सिंदूर एक सैन्य मिशन नहीं, बदलते भारत की तस्वीर है-मोदी

नई दिल्ली (ए.)




पीएम नरेंद्र मोदी ने आज रेडियो शो %मन की बात के 122वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। पीएम ने भारतीय सेना के पराक्रम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार किया। इसके साथ ही उन्होंने उन आतंकी ठिकानों की तस्वीरें भी दिखाई जिन्हें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में नष्ट किया था। उन्होंने बताया कि PoK में गुलपुर और अब्बास कैंप (कोटली में) और भिंबर के बरनाला कैंप को नष्ट किया गया।

### भारतीय सेना ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा किया

पीएम ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है।

### ऑपरेशन सिंदूर ने लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई

पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम सिंदूर रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाये जा रहे थे।

## तमिलनाडु में एक परिवार के चार लोगों की मौत



तमिलनाडु (ए.)


तमिलनाडु के मदुरै जिले के उसिलामपट्टी के पास कुंजमपट्टी में सड़क पार करने की कोशिश कर रहे एक परिवार के सात सदस्यों को एक कार ने टक्कर मार दी। एसपी अरविंद मदुरै ने बताया कि इससे चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। केरल के वेंजारामूडु में हुए सामूहिक हत्याकांड के आरोपी अफान ने रविवार को केंद्रीय कारागार में आत्महत्या का प्रयास किया। उसे तुरंत सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के स्थानीय अदालत में हत्या के एक मामले में आरोप पत्र दाखिल करने के दो दिन बाद 23 वर्षीय युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी

# हिंदू एक हों, देश की सेना को भी मजबूत बनाएं, ताकि कोई उसे जीत न सके-भागवत

नई दिल्ली (ए.)

RSS प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत के पास शक्तिशाली होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। हम अपनी सभी सीमाओं पर बुरी ताकतों की दुष्टता को देख रहे हैं। भागवत ने हिंदू समाज से एक होने और भारतीय सेना को ताकतवर बनाने की अपील की, ताकि कई शक्तियां एक साथ आने पर भी उसे जीत न सकें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शक्ति को धर्म के साथ जोड़ना चाहिए। हमें सद्गुण और शक्ति दोनों की पूजा करनी चाहिए। लोगों की रक्षा, दुष्टों का खात्मा करने के लिए, यही हमारी शक्ति का स्वभाव होना चाहिए। भागवत ने कहा- कृषि, औद्योगिक और वैज्ञानिक क्रांतियां खत्म हो चुकी हैं। अब दुनिया को एक धार्मिक क्रांति की जरूरत है और भारत को ही इसका रास्ता दिखाना होगा। RSS प्रमुख ने संघ की वीकली मैगजीन ऑर्गनाइजर को दो महीने पहले बेंगलुरु में



RSS की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक के बाद एक इंटरव्यू दिया था, जिसमें उन्होंने भारत की सेना, अर्थव्यवस्था, हिंदू समाज, धर्म पर अपनी बात रखी। जब कोई विकल्प उपलब्ध न हो, तो दुष्टता को बलपूर्वक मिटाना पड़ता है। हम विश्व व्यापार पर हावी होने के लिए ऐसा नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम चाहते हैं कि हर कोई शांतिपूर्ण, स्वस्थ और सशक्त जीवन जी सके।

### RSS की 100 साल की यात्रा और महिला भागीदारी पर भी बोले

भागवत ने कहा- संघ के पास कुछ नहीं था। विचार की मान्यता नहीं, प्रचार का साधन नहीं था। समाज में उपेक्षा और विरोध ही था। कार्यकर्ता भी नहीं थे। यह भविष्यवाणी की जाती थी कि यह पैदा होते ही मर जाने वाला है, लेकिन संघ सफल होकर निकला और 1950 तक यह साबित हो गया कि संघ आगे बढ़ेगा। इसी पद्धति से हिन्दू समाज को भी संगठित किया जा सकता है। आपातकाल के बाद संघ की ताकत कई गुना बढ़ गई। हम यह भी मानते हैं कि महिलाओं का उद्धार पुरुष नहीं कर सकते। महिलाएं स्वयं अपना उद्धार करेंगी, उसमें सबका उद्धार हो जाएगा। इसलिए हम उन्हीं को प्रमुखता देते हैं और जो वे करना चाहती हैं, उसके लिए उनको सशक्त बनाते हैं।

# देश में 2 दिन में कोरोना से 2 मौतें: 27 नए केस

### एक्टिव मरीज 363 हुए; नए मामले केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक में




नई दिल्ली (ए.)

देश में कोरोना के नए वैरिएंट से 2 दिन में 2 मरीजों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक- बेंगलुरु में कोरोना पीड़ित 84 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया है। इससे पहले ठाणे में 21 साल के युवक की मौत हुई थी।

बीते दिन शनिवार को 23 नए कोरोना केस सामने आए। महाराष्ट्र के ठाणे में 8, राजस्थान-कर्नाटक में 5, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3, मध्य प्रदेश के इंदौर में 2 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। कुल एक्टिव केसों की संख्या 363 पहुंच गई है।

देशभर में बढ़ते मामलों के बीच शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने समीक्षा बैठक की। इस बैठक में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (ICMR), स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग (ष्ठ।क्र), डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज (DGHS) और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (NCDC) के अधिकारी शामिल हुए।

## राजभवन के पास प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प, बस से मणिपुर शब्द हटाने को लेकर विवाद

इंफाल (ए.)

मणिपुर में रविवार को उस समय तनाव बढ़ गया जब प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। यह झड़प उस वक्त हुई जब प्रदर्शनकारी राज्य परिवहन की एक बस से मणिपुर शब्द हटाए जाने के विरोध में राजभवन की



घेराबंदी करने जा रहे थे। कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटेग्रिटी (सीओसीओएमआई) के आह्वान पर बड़ी संख्या में लोग ख्वैराम्बंद बाजार में एकत्र हुए और वहां से लगभग 500 मीटर की रैली निकाल कर राजभवन की ओर बढ़ने लगे। सुरक्षाबलों ने उन्हें रोकने की कोशिश की।

इस दौरान दोनों पक्षों में झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि राज्यपाल अजय कुमार भल्ला इस

## ED की दिल्ली-NCR समेत 15 जगहों पर रेड

नई दिल्ली (ए.)

प्रवर्तन निदे शालय ने दिल्ली-एनसीआर, नोएडा, गाजियाबाद और मुंबई में 15 जगहों पर छापेमारी की। जिसमें पीएमएलए, 2002 के तहत जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड और जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के मनी लॉन्ड्रिंग की जांच की गई। घर खरीदने वालों के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश का आरोप लगाने वाली FIR से जुड़ी तलाशी में दफ्तरों और प्रमोटरों को निशाना बनाया गया।

## ताजमहल की सुरक्षा होगी हाई-टेक, एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया जाएगा

# अगर हमारी माताओं-बहनों का सिंदूर उजाड़ा, तो ऑपरेशन सिंदूर से जवाब मिलेगा- रविशंकर

नई दिल्ली/श्रीनगर (ए.)



यूपी में ताजमहल की सुरक्षा के लिए मॉर्डन एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे किसी भी हवाई खतरे से निपटा जा सकेगा। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि ताजमहल की सुरक्षा में पहले से ही CISF और यूपी पुलिस तैनात है, लेकिन अब इसमें ड्रोन को रोकने वाली तकनीक भी जोड़ी जा रही है।

उधर, ऑपरेशन सिंदूर और पहलगाम आतंकी हमले पर पाकिस्तान की सच्चाई बताने के लिए भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाला डेलीगेशन भारत से रवाना हो गया है। ये डेलीगेशन 25 मई से 7 जून तक यूरोप के छह देशों- फ्रांस, इटली, डेनमार्क, इंग्लैंड, बेल्जियम और जर्मनी का दौरा

## पाकिस्तान की 'अदिति' को खुफिया जानकारियां दे रहा था: गुजरात का सहदेव गिरफ्तार

अहमदाबाद (ए.)



गुजरात ATS ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह बीएसएफ और नेवी की मौजूदा सैन्य इकाइयों की फोटो-वीडियो वॉट्सएप के जरिए पाकिस्तानी एजेंट को भेज रहा था। सहदेव कच्छ के लखपत तालुका में स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर नौकरी कर रहा था। ATS के मुताबिक, जून 2023 में एक महिला ने खुद को अदिति भारद्वाज बताकर गोहिल से वॉट्सएप पर संपर्क किया था। बताया जा रहा है कि गोहिल को पहली बार संवेदनशील सूचनाएं भेजने पर 40 हजार रुपए कैश मिले थे। इससे पहले ATS ने 7 जुलाई 2023 को भी कच्छ के अन्य एक युवक को अदिति नाम की लड़की के लिए ही जासूसी करने के आरोप गिरफ्तार किया था। भारत में रहते हुए पाकिस्तान को खुफिया जानकारियां देने वाला सहदेव पाकिस्तानी एजेंसी के संपर्क में कैसे आया, कितने समय तक संपर्क में रहा? सहदेव को किस तरह की सूचनाएं देने का काम सौंपा गया था?

इसकी विस्तृत जानकारी जानने के लिए दिव्य भास्कर ने गुजरात ATS एसपी के सिद्धार्थ से एक्सक्लूसिव बातचीत की।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।

## कांट्रैक्टर के साथ 84 लाख की साइबर ठगी: शेयर बाजार में मुनाफे का झांसा देकर जाल में फंसाया

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** थाना ताजगंज क्षेत्र के निवासी एक होटल रिपेयरिंग कांट्रैक्टर के साथ ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करीब 84.80 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाना में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित की शिकायत साइबर क्राइम पोर्टल पर भी दर्ज की जा चुकी है। पावनधाम कॉलोनी निवासी (53) वर्षीय राजू शर्मा का आरोप है कि 9 मार्च 2025 को उनके वाटसऐप नंबर पर अज्ञात नंबर से एक व्यक्ति ने संपर्क किया, जिसने स्वयं को लक्ष्मी गोपाल बताया और एसएस जीए स्टाक एकेडमी नामक कंपनी में निवेश कर 600 प्रतिशत लाभ दिलाने का झांसा दिया। कुछ ही दिनों बाद एक अन्य महिला कंगना शर्मा ने न्यूवामा वेल्थ नाम की एक कंपनी का प्रतिनिधि बनकर राजू शर्मा को एक फर्जी वेबसाइट और एप डाउनलोड करने को कहा। राजू का कहना है कि आरोपितों ने उन्हें अलग अलग वाटसऐप ग्रुपों में जोड़कर विश्वास दिलाया कि निवेश से भारी लाभ होगा। पहले 50 हजार रुपए मांगे गए, फिर धीरे धीरे अलग अलग खातों में कुल 84.80 लाख रुपए की रकम जमा कराई गई। एप में दिखाया गया कि उनके खाते में करीब चार करोड़ रुपए का लाभ हो चुका है। लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने की कोशिश की, तो टैक्स के नाम पर और रकम मांगी गई। राजू शर्मा को जब ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने 29 अप्रैल को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज की। शिकायत संख्या 23104250064011 के आधार पर अब उन्होंने साइबर क्राइम थाना में विधिवत शिकायत दी है।

## जनता को नहीं समझ आते ट्रैफिक नियमः बाइक कार और ई रिक्शा वालों ने तोड़ दिए चौराहों पर लगे बोलार्ड, जल्द निकलने की होड़ बनी वजह

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** की जनता को ट्रैफिक के नियम समझ नहीं आते। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए चौराहों पर लगाए गए बोलार्ड शहर की जनता ने ही तोड़ दिए हैं। इन बोलार्ड पर से ही अपनी गाड़ियां लेकर लोग गुजरते हैं। सबसे ज्यादा नुकसान बोलार्ड को दोपहिया वाहनों और ई रिक्शा चालकों ने पहुंचाया है। पूर्व मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए शहर के कुछ चौराहों पर बोलार्ड लगवाने के निर्देश दिए थे। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस की सहमति से हरीपर्वत, सेंट जोंस, दयालबाग, भगवान टाकीज, सूरसदन, मदिया कटरा और यमुना किनारे पर बोलार्ड लगाए गए। लेकिन इन सभी जगहों पर अधिकतर बोलार्ड अब टूट गए हैं। सड़क पर सिर्फ उनके पेंच दिखाई दे रहे हैं। कुछ बोलार्ड गायब हो चुके हैं तो कुछ सड़क पर गिरे हुए हैं। कुछ बीच में टूटे हुए हैं। एक बोलार्ड की कीमत लगभग 600 रुपये है। एक अनुमान के मुताबिक शहर भर में पांच हजार बोलार्ड लगाए गए थे।

**क्या है बोलार्ड**

यह साफ्ट प्लास्टिक का एक डंडा होता है, जिसे सड़क से पेंच की सहायता से कसा जाता है। यातायात को व्यवस्थित तरीके से नियंत्रित करने के लिए बोलार्ड का प्रयोग किया जाता है। यह रात में चमकते भी हैं, जिससे रात में वाहन चलाने वाले को दूर से ही दिख जाएं।

**जल्दी निकलने के लिए तोड़ दिए**

जिन चौराहों पर बोलार्ड लगाए गए थे, वे शहर के व्यस्तम चौराहे हैं। इन चौराहों पर ट्रैफिक सबसे ज्यादा होता है। इसीलिए यहां बोलार्ड लगाए गए थे, लेकिन शहर की जनता जल्दी निकलने के चक्कर में इनके ऊपर से होकर गुजर जाते हैं। चूंकि यह सॉफ्ट प्लास्टिक है, इसीलिए आसानी से झुक जाते हैं।

## जेसीबी से अवैध खनन का खेल, वायरल वीडियो ने खोली पोल

### खनन विभाग की चुप्पी और प्रशासन की लापरवाही पर उठे सवाल



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र और जिटोरा के आसपास जेसीबी मशीनों के जरिये हो रहे अवैध खनन का मामला अब हद पार कर गया है। मिट्टी और बजरी की खुदाई खुलेआम जारी है, जिसमें कम से कम सात-आठ डंपर भी लगाये जा रहे हैं। इस पूरे धंधे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है, जिसने खनन माफियाओं के होसले बुलंद कर दिए हैं और प्रशासन की अनदेखी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सत्रु के मुतानिक, जेसीबी मशीनों से चल रही यह खुदाई पूरी तरह से अवैध है, क्योंकिं न तो स्थानीय अधिकारियों से कोई अनुमति ली गई है और न ही पर्यावरण संरक्षण के नियमों का पालन हो रहा है। खनन विभाग की ओर से इस मामले में अभी तक कोई अधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, जो विभाग की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि खनन के कारण इलाके में मिट्टी कटाव और पर्यावरणीय असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है। न केवल खेती को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि आसपास के जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। इसके बावजूद खनन माफियाओं के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही, और मामला पुलिस प्रशासन के बीच हादुनिया देखोह का खेल बन गया है। खनन विभाग की चुप्पी और किरावली थाने की निष्क्रियता से स्थानीय जनता में नाराजगी बढ़ रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि कया प्रशासन ने माफियाओं को खुली छूट दे रखी है। क?या यहां नियम%ल्ल्ड्गड्ढल्ल सिर्फ कागजों तक सीमित हैं। खनन मंत्री और संबंधित अधिकारियों की ओर से भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे जनता में रोष बढ़ता जा रहा है। यह क्षेत्र आगरा के लिए पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है, लेकिन यहां जारी अवैध खनन से क्षेत्र का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। अब जब यह सबूत वायरल हो चुका है, वो प्रशासन के सामने यह चुनौती है कि वह जल्द से जल्द जांच कर माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे, ताकि किरावली और जिटोरा के इलाके को बचाया जा सके और पर्यावरणीय नियमों का सम्मान हो। इस पूरे मामले में यदि सरकार और प्रशासन ने तुरंत कदम नहीं उठाए, तो न केवल प्राकृतिक संसाधनों की क्षति होगी, बल्कि जनता का प्रशासन और शासन पर से भरोसा भी खत्म हो जाएगा।

## पालिकाध्यक्ष ने मन की बात प्रोग्राम को सभासदों के साथ सुनकर मार्गदर्शन प्राप्त किया



**हाथरस।** वसुंधरा एंक्लेव स्थित अपने कैंप कार्यालय पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता चौधरी ने सभासद गणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ध्यानपूर्वक सुनकर मार्गदर्शन प्राप्त किया । मन की बात' कार्यक्रम केवल एक प्रसारण नहीं है, बल्कि यह एक आत्मिक संवाद है । जो हमें राष्ट्र सेवा, समाज उत्थान और जनकल्याण के प्रति नई ऊर्जा और नवीन संकल्प प्रदान करता है। इस अवसर पर अशोक गोला, सुंदरम शर्मा, दिनेश कुमार नन्हे, सूरज माहौर, सुनील कुशवाह, धीरज जैन, कृष्णा चौधरी, मिलन अग्निहोत्री,देवेश गौतम,राकेश शर्मा अनाड़ी,दिनेश कुमार, विशम्बर यादव, नरेश प्रधान सहित आदि जन उपस्थित रहे ।

## रालोद शहर अध्यक्ष अतुल शर्मा विप्र बंधुओं ने किया जोरदार स्वागत



**हाथरस।** राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष चौधरी श्याम सिंह प्रधान द्वारा शहर के युवा समाजसेवी पं. अतुल शर्मा को राष्ट्रीय लोकदल का शहर अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। राष्ट्रीय लोकदल के नव मनोनीत शहर अध्यक्ष पं. अतुल शर्मा का चावड़ गेट पर ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा बंटी भैया के कार्यालय पर विप्र बन्धुओं द्वारा ज़ोरदार स्वागत साफ़ा और पटका पहनाकर किया गया। स्वागत सम्मान में बंटी भैया के साथ साथ ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष संदीप शर्मा , सुधीर शर्मा, यवन चौहान व अन्य तमाम जन उपस्थित थे। रालोद शहर अध्यक्ष पं. अतुल शर्मा ने सभी का आभार जताया और आश्वासन दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य किया जाएगा एवं कमेटी का जल्द निर्माण किया जाएगा और इसकी घोषणा की जाएगी।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी पार्टी राष्ट्रीय लोकदल के अतुल शर्मा के शहर अध्यक्ष बनने पर शुभकामनाएं देने वालों का तातां लगा हुआ है।

## खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और हुआ पथराव : एक दर्जन व्यक्ति हुए घायल

**हाथरस।** सासनी क्षेत्र के गांव गला भंभू में खेत में पानी लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट और पथराव हुआ। इस घटना में दोनों ओर से 13 लोग घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगला भंभू जाट में भूरी सिंह और काली चरन के बीच खेत में पानी की सिंचाई को लेकर कहासुनी के बाद गाली-गलौज हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर एक दूसरे पर हमलावर हो गए। इस दौरान पथराव भी किया गया। इसमें एक पक्ष के भूरी सिंह, पुष्पा देवी, विष्णु, वीरेंद्र, अंकित और दूसरे पक्ष के कालीचरन, दिनेश, मुरारी, राहुल, बंटी, भोला, कुलदीप, तरुण घायल हो गए।मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा कर शांत किया और घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से भूरी सिंह व पुष्पा देवी सहित चार लोगों को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने झगड़ा कर रहे कुछ लोगों को अपनी हिरासत में ले लिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच खेत में सिंचाई को लेकर अक्सर विवाद होता रहता है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## ऑडिट फॉर्म में बदलाव, सीए हुए तैयार, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सेमिनार में ऑडिट फॉर्म 3सीडी के बारे में चर्चा



**हाथरस।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की सेमिनार का आयोजन अलीगढ़ रोड पर संपन्न हुई। सेमिनार का विषय ÷फॉर्म 3सीडी नए बदलाव एवं गैर-कारपोरेट संस्थाओं के नया वित्तीय विवरण÷ रहा । सेमिनार का आयोजन ÷द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया÷ की मथुरा शाखा द्वारा किया गया।जिसमे प्रमुख वक्ता के रूप में आगरा से वरिष्ठ सीए. राकेश अग्रवाल ने भाग लिया। उन्होंने हाल ही में फॉर्म 3सीडी में हुए परिवर्तनों पर विस्तृत व्याख्यान दिया और विषयों को सरल तरीके से समझाया। सेमिनार की तकनीकी सत्र की अध्यक्षता सीए. गिरधर गोपाल अग्रवाल और संचालन सीए लोकेश वार्ष्णेय ने किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन मथुरा शाखा के उपाध्यक्ष सीए. लोकेश वार्ष्णेय द्वारा किया गया। सेमिनार में बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया।कार्यक्रम में मनीष तालीवाल, प्रवीण जैन, दीपेश शर्मा, पूनम अग्रवाल, नितिन कुमार वार्ष्णेय, गीतंश बिंदल, नितिन अग्रवाल, शुभांशु खण्डेलवाल, शुभम अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, मयंक गंगवार, आकाश दीप गुप्ता, आयुषी अग्रवाल, अमन अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अंजलि वार्ष्णेय, अंकित बंसल, सुमित अग्रवाल , भावना अग्रवाल, कृष्ण गोपाल वर्मा, मोहित शर्मा , गगन वार्ष्णेय, नितिन वार्ष्णेय, आशीष सिंगल,प्रियंका गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## आबकारी टीम ने मदिरा की दुकानों पर चेकिंग कर स्टॉक का किया मिलान




**हाथरस।** आबकारी आयुक्त महोदय के निर्देशन में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी टीम क्षेत्र 1 व पुलिस टीम थाना कोतवाली द्वारा संयुक्त रूप से जनपद की शराब की कंपोजिस्ट दुकानों पर चेकिंग कर स्टॉक का मिलान किया। विभिन्न संदिग्ध अड्डों पर दबिश एवं छापेमारी की कार्यवाही की गई। साथ ही उक्त क्षेत्रों में स्थित विभिन्न मदिरा की दुकानों का गहनता से स्टॉक का सत्यापन किया गया। मदिरा तथा उससे होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यवाही के दौरान क्षितिज कुमार, आबकारी निरीक्षक हाथरस सदर मय आबकारी स्टॉफ उपस्थित रहे।

## रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती के उपलक्ष में भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शनी का आयोजन



**हाथरस।** पुण्यश्लोक लोकमाता देवी रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें अहिल्याबाई होलकर द्वारा कराए गए सेवा, गौरवमयी सुशासन, धर्मार्थ और ऐतिहासिक कार्यों को दर्शाया गया,प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि , सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में हुआ था। उनके 30 वर्ष के कार्यकाल को सुशासन, न्यायप्रियता, सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के कार्यों के लिए जाना जाता है।

## अहिल्याबाई होल्कर स्मृति में हाथरस विधानसभा का पंचायती प्रतिनिधि सम्मेलन हुआ संपन्न

**हाथरस।** अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत हाथरस विधानसभा का पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन कृष्णा फार्म हाउस बाईपास अलीगढ़ रोड हाथरस में संपन्न हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलीगढ़ महानगर भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष विवेक सारस्वत एवं हाथरस लोकसभा के सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि थे ,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष शरद महेश्वरी, मुरसान ब्लाक प्रमुख रामेश्वर उपाध्याय एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामवीर सिंह भैया मंच पर मौजूद थे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विवेक सारस्वत ने कहा कि मध्यकाल की विषम परिस्थितियों में भी लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए मुगल आक्रांताओं द्वारा विध्वंस किए गए मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया,उन्होंने कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक खंडित हुए मंदिरों का न केवल जीणोद्धार करवाया अपितु सनातन संस्कृति के गौरव को उन्हें जीवित किया।

## पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी ने एक आदर्श शासन व्यवस्था की नींव रखी थी: रमाकांत उपाध्याय



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण देने के लिए उत्तर से दक्षिण तक, पूर्व से पश्चिम तक वृहद भारत को एक भारत-श्रेष्ठ भारत के रूप में जोड़ने का काम उन्होंने किया था। उनके श्री चरणों में कोटि-कोटि नमन! कार्यक्रम के अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री डा. रामबाबू हरित , महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, कार्यक्रम अध्यक्ष राजू कुशवाह, आलोकिक उपाध्याय, दीपक खरे एवं सभी विधानसभा एवं महानगर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक का आयोजन

**हाथरस।** सिकंदराराऊ में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक का आयोजन ब्राह्मणपुरी स्थित आर सी हेल्थकेयर फार्मा के प्रांगण में किया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह ने कहा कि प्रदेश में फार्मासिस्ट के रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती की जाए। उपकेंद्रों पर फार्मासिस्ट के पद सृजित करते हुए नियुक्ति दी जाए। विभिन्न प्रदेशों में पीपीआर 2015 लागू हो चुका है, उसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी फार्मेसी प्रैक्टिस एंड रेगुलेशन एक्ट तत्काल लागू किया जाए। जिससे प्रदेश के सभी फार्मासिस्ट लाभान्वित होंगे। प्रदेशाध्यक्ष शिवकुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल का आगामी चुनाव ऑनलाइन कराया जाए। अलीगढ़ मंडल महासचिव राजीव चतुर्वेदी ने कहा कि होलसेल दवा व्यवसाय में फार्मासिस्ट की अनिवार्यता की जाए तथा शेड्यूल को समाप्त करते हुए दवा का वितरण भण्डारण एवं रखरखाव फार्मासिस्ट से कराया जाए।

## रेलवे ट्रैक पार करते समय मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला हुई गंभीर रूप से घायल

**हाथरस।** हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पार करते समय एक महिला मालगाड़ी की चपेट में आने से हुई घायल, पुलिस द्वारा घायल महिला को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जानकारी के अनुसार कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव वरमाना ओदपुरा निवासी भूरी सिंह की पत्नी ममता हाथरस जंक्शन रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पार कर रही थी तभी अचानक तेज रफ्तार से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई,महिला की चीख पुकार सुन आसपास के दर्जनों व्यक्ति मौके पर एकत्रित हो गए वहीं सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जहां पुलिस द्वारा घायल महिला को उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया जाम महिला का उपचार जारी है।

## पुलिस की तत्परताः 16 वर्षीय गुमशुदा को 4 घंटे में बरामद कर परिवार को सुपुर्द किया

**आगरा।** थाना किरावली पुलिस ने अपनी तत्परता और कुशलता का परिचय देते हुए एक 16 वर्षीय गुमशुदा को मात्र 4 घंटे में बरामद कर उसके परिवार के सुपुर्द कर दिया। गुमशुदा की तलाश में गठित की गई थीं दो टीमें गुमशुदा अभिषेक चाहर पुत्र स्वर्गीय नन्द किशोर निवासी ग्राम मलिकपुर थाना किरावली के गुम हो जाने की गुमशुदगी उसके चाचा ब्रजकिशोर ने थाना किरावली पर कराई थीं। मामले का सज्ञान लेते हुए थाना अध्यक्ष किरावली केवल सिंह द्वारा किशोर की खोज के लिए दो पुलिस टीम गठित की गई थीं। इन टीमों ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से गुमशुदा की तलाश की और उसे थाना क्षेत्र अछनेरा से बरामद कर लिया। पुलिस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा . गुमशुदा को बरामद कर परिवार के सुपुर्द करने पर जनता के लोगों ने पुलिस टीम की भूरि भूरि प्रशंसा की। पुलिस टीम में थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह जांचकर्ता उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह उप निरीक्षक हिमांशु गुर्जर हैड कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह,और संदीप कुमार कास्टेबल अब्दुल कादिर शामिल रहे। पुलिस आयुक्त का निर्देशन इस मामले में पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट आगरा दीपक कुमार के निर्देशन में और पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जोन अतुल शर्मा व सहायक पुलिस आयुक्त अछनेरा गौरव सिंह के सफल पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई। परिवार वालों ने जताया आभार गुमशुदा को बरामद कर परिवार के सुपुर्द करने पर परिवार वालों ने पुलिस टीम का आभार जताया और उनकी तत्परता और कुशलता की प्रशंसा की।



# महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों पर योगी सरकार का सख्त एक्शन

**पुलिस कमिश्नरेट आगरा द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन की सशक्त पैरवी से दोषियों को मिली कड़ी सजा, मॉनीटरिंग सेल की एक्टिव ट्रैकिंग, कोर्ट में समयबद्ध गवाही, डिजिटल और फोरेंसिक साक्ष्यों ने बढ़ाया न्याय का ग्राफ, जनवरी से अप्रैल 2025 के बीच हर महीने औसतन 19 अपराधियों को हुई सजा**

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** योगी सरकार महिला सुरक्षा के प्रति पूरी तरह गंभीर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला अपराधों समेत प्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर को लेकर लगातार मॉनिटरिंग करते रहे हैं। मुख्य सचिव हर महीने समीक्षा बैठक कर रहे हैं। डीजीपी पुलिस अधिकारियों को समय-समय पर इन अपराधों को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश देते रहते हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध पर पुलिस कमिश्नरेट आगरा का सख्त एक्शन लिया है। महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में न्यायिक कार्रवाई में तेजी आई है। 2025 की शुरुआत में सजा दिलाने की रफ्तार दोगुनी हुई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला अपराध के मामलों को लेकर कड़ा रुख अख्तियार किया है। महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों को तेजी से निपटाने में उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। पुलिस कमिश्नरेट आगरा में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में न्यायिक कार्रवाई तेजी आई है। मॉनिटरिंग सेल और ऑपरेशन कन्विक्शन की सशक्त पैरवी से दोषियों को जल्द और कड़ी सजा मिली। जनवरी से अप्रैल 2025 के बीच हर महीने औसतन 19 अपराधियों को सजा हुई है। जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय है। नोडल ऑफिसर महिला अपराध एसीपी सुकन्या शर्मा ने बताया कि हमने महिला अपराधों को उच्च प्राथमिकता दी। फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रोसेस, गवाहों और डिजिटल एविडेंस पर फोकस, मॉनिटरिंग सेल की एक्टिव ट्रैकिंग, हर केस की स्ट्रॉन्ग फॉलो- अप से कन्विक्शन रेट (दोषसिद्धि दर) बढ़ा है। पीड़ितों को न्याय मिला है। उन्होंने बताया कि जनवरी- 2025 से अप्रैल 2025 के बीच महिला अपराध के कुल 50 मुकदमें दर्ज हुए। 77 दोषियों को सजा मिली। जिसमें 08 अपराधियों को आजीवन कारावास, 05 अपराधियों को 20 वर्ष, 18 अपराधियों को 10 वर्ष, 13 अपराधियों को 05- 09 साल और 23 अपराधियों को 05 वर्ष से कम की सजा दिलाई गई है।

# आज आगरा भ्रमण पर रहेंगे पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह: प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों से करेंगे मुलाकात

**जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की मंत्री जी द्वारा की जाएगी समीक्षा, लोक माता रानी अहिल्याबाई होलकर जन्म जयंती की त्रिशताब्दी कार्यक्रम में होंगे शामिल**

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** प्रदेश के मा. मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा जनपद प्रभारी मंत्री श्री जयवीर सिंह जी का जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रभारी मंत्री जी 26 मई को प्रातः 10 बजे से सर्किट हाउस सभागार में जनपद में प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रभावित हुए परिवारों से भेंट एवं मुआवजा का वितरण करेंगे, मा0 मंत्री जी प्रातः 10:30 बजे बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभा करेंगे तथा मा0 जनपद प्रभारी मंत्री जी द्वारा प्रातः 11:45 बजे जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की जाएगी। मा0 मंत्री जी सर्किट हाउस में अपरान्ह् 1:30 बजे मीडिया बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता करेंगे। मा0 प्रभारी मंत्री जी अपरान्ह् 03 बजे श्री योगेन्द्र उपाध्याय, मा0 मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 सरकार जी के आवास पर मुलाकात करेंगे। तत्पश्चात पुण्यश्लोक लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष 2025 कार्यक्रम में, जी0आर0 कोस्मिक स्कूल, धमेना रोड, शमसाबाद में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार: बुटीक जाती महिला के कपड़े खींचने का किया था प्रयास

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** महिला से छेड़छाड़ करने वाले मनचले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कई दिनों से आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। छेड़छाड़ का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। सदर थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह सदर क्षेत्र में बुटीक चलाती हैं। बुधवार दोपहर बुटीक जा रही थीं। रास्ते में लाल रंग के स्कूटर पर एक युवक पीछे से आया। रोक कर छेड़खानी करने लगा। कपड़े खींचने लगा। उसने उसको नग्न करने का प्रयास किया। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के खंगाले। इससे युवक का सुराग लगा। पिछले तीन दिन से पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई थी। रविवार को थाना सदर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेजा जाएगा। वहीं मनचले पर कार्रवाई के बाद पीड़िता ने पुलिस के कार्य की सराहना की।

# विवाद के बाद भीम आर्मी चीफ पहुंचे आगरा, पुलिस को धमकाया, बोले- उस पुलिस वाले से हिसाब लूंगा, जिसने कार्यकर्ता को लात मारी

**शेड्यूल कास्ट और बैकवर्ड सफाई का काम छोड़े : रावण**

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** भीम आर्मी प्रमुख व नगीना सांसद चंद्रशेखर ने अपने कार्यकर्ताओं का बचाव किया। वे रविवार को सूर सदन के प्रबुद्ध सम्मेलन में पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि दो दिन पहले यहां की पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और साथियों के साथ बदसलूकी की। एक पुलिस अधिकारी ने अपने जातीय अंहकार को दिखाने के लिए हमारे कार्यकर्ताओं को लात मारने व दूसरों से पिटवाने का काम किया, में उस सम्मानित अधिकारी से कहना चाहता हूं। उन्होंने जिस जातीय घमंड में ये किया गया। हम उनसे हिसाब लेंगे।

**1. सफाई का काम वो करें, जो बहुत शुद्ध बनते हैं**

2. चंद्रशेखर आजाद ने कहा शेड्यूल कास्ट और बैकवर्ड सफाई का जो काम करते हैं, वे इस काम को छोड़ें। ये काम उनको दे दो जो इस देश में बहुत शुद्ध बनते हैं। आप लोग डॉक्टर बनो, इंजीनियर बनो, वकील बनो, आईएएस, आईपीएस, सांसद विधायक बनकर देश की पालिसी बनाने का काम करो, देश के गरीबों को न्याय दिलाने का काम करो।

**2. मेरा आगरा से गहरा नाता**

चंद्रशेखर आजाद ने कहा आगरा से मेरा प्यार बहुत गहरा है। क्योंकि ये वो धरती है, जहां बाबा साहब अंबेडकर के आंसू गिरे हैं। उनका हम पर कर्ज है। हम उनकी असली औलादें हैं। इसलिए हम उनका कर्ज उतारना जानते हैं। बाबा साहब ने आगरा के चक्की पाट में बुद्धविहार की स्थापना की थी। जोकि हमारी धरोहर है। यहीं पर बाबा साहब की अस्थियां भी रखी हुई हैं।

**3. बहनजी के काम को आगे बढ़ा रहे**

बसपा के सवाल पर चंद्रशेखर आजाद ने कहा बसपा को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हम उनके ही रुके हुए काम को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। बहनजी हमारी बड़ी नेता हैं, हम उनका सम्मान करते हैं लेकिन समाज को मरने के लिए नहीं छोड़ा जाता है। इसलिए एससी, एसटी, ओबीसी और मुस्लिम भाई चारा, सिख भाई चारा, जैन भाई चारा, आजाद समाज पार्टी इन सभी को साथ लेकर चलने का काम कर रही है।

**4. हम बताएंगे कि आत्मसम्मान की लड़ाई कैसे लड़ते हैं**

फर्श पर बाबा साहब और भगवान बुद्ध के चित्र लगाने की साजिश के सवाल पर चंद्रशेखर ने कहा भीम आर्मी के कार्यकर्ता ने साजिश रची, ये सरासर झूठ है। सरकार जब पुलिस पर दबाव डालती है तो इस तरह के काम होते हैं। पुलिस के पास कोई सबूत है तो वह सार्वजनिक करे। कोई षड्यंत्र नहीं चलेगा। बाबा साहब का अपमान करने वालों पर कार्रवाई करने पड़ेगी। जिन पुलिसकर्मियों ने गरीब कमजोरों पर लातें चलाने का, थप्पड़ चलाने का काम किया, उन पर कार्रवाई करनी पड़ेगी। बहुत जल्द लखनऊ में बड़ा प्रदर्शन करेंगे। हम सरकार को बताएंगे कि आत्मसम्मान की लड़ाई कैसे लड़ी जाती है।

**5, 2027 के चुनाव की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता**

चंद्रशेखर ने कहा बहुजन समाज 2012 से सत्ता से बाहर है। 2027 के चुनाव में ज्यादा दिन नहीं है। इसलिए कार्यकर्ताओं को अभी से जुट जाना चाहिए। ये सरकार सोची समझी साजिश के तहत निजीकरण कर रही है, जिससे कि आरक्षण की व्यवस्था ही खत्म हो जाएगी। भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। एक बार मौका मिलने दो तब देखना कि कोई महिलाओं की तरफ आंख भी उठाकर कर देख जाए। अगर हमारी सत्ता आई तो हम समान शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था लागू करेंगे। हम संविदा कर्मचारियों को पक्का करने का काम करेंगे।

# बृजेश नारायण सिंह परिवहन आयुक्त ने विकास कार्यों की परियोजनाओं का मौके पर किया भौतिक सत्यापन, विभागीय समीक्षा की

**जनपद में जल्द स्थापित होगा, इंटीग्रेटेड ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर (आईडीटीआर) तथा प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केन्द्र एडीटीसी**

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** बृजेश नारायण सिंह,आई.ए.एस., परिवहन आयुक्त उ. प्र. एवं शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी द्वारा जनपद आगरा में विकास कार्यों की परियोजनाओं की प्रगति तथा परिवहन विभाग की राजस्व व प्रवर्तन कार्यों की विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में परिवहन विभाग की समीक्षा की गई, परिवहन आयुक्त महोदय ने बताया कि सरकार का प्रयास है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए और सुगम यातायात चल सके इस हेतु जनपद में एक इंटीग्रेटेड ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च सेंटर (आईडीटीआर) स्थापित किया जाना है उन्होंने उक्त हेतु जिलाधिकारी महोदय से जल्द भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की बात कही। बैठक में जनपद आगरा की आबादी के सापेक्ष स्थापित एक्रेडिटेड ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर(एडीटीसी) की जानकारी तलब की जिसमें बताया गया कि जनपद आगरा की लगभग 44 लाख आबादी के सापेक्ष 04 एडीटीसी सेंटर खोले जाने हैं जिनमें 03 की कार्यवाही पूर्ण है, परिवहन आयुक्त ने जल्द एक और एडीटीसी की स्थापना किए जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में परिवहन आयुक्त महोदय ने परिवहन विभाग द्वारा जब्त व सीज वाहनों हेतु डंपिंग यार्ड हेतु भूमि उपलब्ध कराने, अधोमानक स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट तथा 15 वर्ष से अधिक पुरानी स्कूल बसों को हटाने का जिला प्रशासन, पुलिस व शिक्षा विभाग के समन्वय से प्रभावी अभियान चलाने, सड़क सुरक्षा तथा यातायात के नियमों का पालन न करने बालों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने, दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चिह्नित ब्लैक स्पॉट समाप्त करने, ओवर लोडेड वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने, ई-रिक्शा हेतु पुलिस प्रशासन के समन्वय से रूट तय करने के निर्देश दिए। परिवहन आयुक्त महोदय ने जनपद में बड़े स्तर पर निजी वाहनों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध चिंता प्रगट की तथा प्रभावी अभियान चलाने सभी डीलर्स द्वारा वाहनों की आरसी जारी कराने में की जा रही लेट लतीफी पर नाराजगी व्यक्त की तथा 07 दिनों में उक्त कार्यवाही संपादित कराने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में जनपद में सभी शासकीय तथा अर्धशासकीय कार्यालयों में हैलमेट तथा शीट बैल्ट के प्रयोग के साथ साथ सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने को निर्देशित किया। उक्त से पूर्व परिवहन आयुक्त महोदय द्वारा जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई, जिसमें उन्होंने जनपद में स्थित गौशालाओं की आय बढ़ाने हेतु निर्देश देते हुए कहा कि गाय के गोबर से बायोगैस, अगरबत्ती, गोबर पेंट, खाद तथा अन्य उत्पाद विकसित कर बिक्रय किया जाए तथा बिक्रय से जो आय हो उसे गौशालाओं की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने हेतु प्रयोग किया जाए। उन्होंने निर्माणाधीन सिविल एयरपोर्ट टर्मिनल की समीक्षा करते हुए प्रोजेक्ट डायरेक्टर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट टर्मिनल निर्माण में तेजी लायें साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि रनवे के निर्माण हेतु आवश्यक एनओसी प्राप्त करते हुए जल्द से जल्द कार्य आरम्भ किया जाए, जिससे एयरपोर्ट टर्मिनल का लाभ आमजन को जल्द से जल्द प्राप्त हो सके। जनपद प्रभारी अधिकारी महोदय द्वारा एसटीपी निर्माण में शिथिलता बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि एसटीपी का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए, जिससे आमजन को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि हर व्यक्ति के घर पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा सुविधा के सापेक्ष शुल्क प्राप्त करने हेतु एक मैकेनिजम विकसित किया जाए, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी उपयोगकर्ताओं द्वारा शुल्क पूर्ति की जा रही है साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित तालाबों व पोखरों की सफाई कराने के भी निर्देश दिए जिससे उस क्षेत्र के भूगर्भ जल स्तर में बढोत्तरी हो सके। बैठक में जिलाधिकारी श्री अरविंद मल्लप्पा बंगारी जी, नगरायुक्त श्री अंकित खंडेलवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व श्रीमती शुभांगी शुक्ला, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री जुबेर बेग, श्री मयंक ज्योति, डीटीसी जोन, आगरा, श्री अरूण कुमार, आरटीओ (प्रशा0), श्री अनिल कुमार सिंह आरटीओ (प्रवर्तन), श्री नानक चन्द, एआरटीओ (प्रशा0), श्री ललित कुमार व श्री आलोक कुमार एआरटीओ (प्रवर्तन) आगरा सहित मंडल के एआरटीओ व अन्य अधिकारीगण उपस्थिति रहें।

# ताजमहल पर बिछड़ी महिला पर्यटक, पुलिस ने मिलाया: उड़ीसा से अपने ग्रुप के साथ ताज देखने आई थी महिला

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** ताजमहल पर एक महिला पर्यटक अपने ग्रुप से बिछड़ गई। महिला पर्यटक के बिछड़ने की सूचना मिलने पर थाना ताज सुरक्षा की टीम ने क्विक रिस्पांस करते हुए महिला पर्यटक को उनके ग्रुप से मिलाया। शनिवार को उड़ीसा के रायगढ़ और पुरी से ताजमहल देखने आए पर्यटकों के समूह से 75 वर्षीय महिला पर्यटक चित्रा देवी अपने ग्रुप से बिछड़ गई। उन्होंने अपने बिछड़ने की सूचना ताजमहल के पश्चिमी गेट पर नियुक्त थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम को दी। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना ताज सुरक्षा तिलक राम भाटी के निर्देशन में तुरंत कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज, रेडियो अनाउंसमेंट और आरटी सेट मैसेज से प्रसारण कराया गया। 10 मिनट के अंदर क्विक रिस्पांस टीम द्वारा उनके परिजनों को खोज कर महिला पर्यटक को उनके सुपुर्द किया गया। महिला के परिजनों द्वारा आगरा पुलिस की सहायता के लिए आभार व्यक्त किया गया। महिला ने बताया कि वो अपने ग्रुप के साथ ताजमहल के अंदर पहुंची थी। लेकिन वहां अपने ग्रुप से बिछड़ गई। काफी देर तक अपने ग्रुप के साथियों को खोजती रही, लेकिन जब वे नहीं मिले तो महिला पर्यटक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह, आरक्षी इंद्रजीत सिंह, महिला आरक्षी दीपा कुमारी शामिल हैं।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित हंगर फाउंडेशन ने निकाली तिरंगा यात्रा: हुआ भारत माता का जयघोष

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** आपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित हंगर फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। भारतीय सशक्त बालों की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उन्हें सम्मानित करने के उद्देश्य से देश भर में जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकली जा रही है। इसी क्रम मे रविवार 25 मई को टीम हंगर फाउंडेशन आगरा द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन नंदराम की बगीची किशोर पुरा से सुर वाटिका सेंट्रल पार्क सेक्टर 6 तक किया गया 7 यात्रा मे सैक्डो की संख्या में युवा और क्षेत्र के वरिष्ठ लोग शामिल हुए कार्यक्रम मे युवाओं ने बढ़ चड कर बहुत ही गर्मजोशी से कार्यक्रम मे उत्साह दिखाया 7 कार्यक्रम सयोजक कार्तिक मुदगल ने कहा ऑपरेशन सिंदूर हमारे देश का एक प्रतिक एक प्रतिज्ञा है, यह केवल हमारे देश के शसक्त बालों का मिशन नही बल्कि आतंकी आक्रांताओं को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि जब भी वो हमारे देश की एकता और देश की बेटियों को निशान बनायगे तो पुरा देश और भारत सरकार और भारतीय शशक्त बल उनकी रक्षा के लिए वहाँ मौजूद रहेगे और सेना के साथ पुरा भारत पाकिस्तान को मुह तोड़ जवाब देगा जब जब वो हमारे देश की तरफ आँख उठा के देखेगा। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से भाजपा पार्षद गजेंद्र पिप्पल, संस्था के अध्यक्ष प्रिंस अग्रवाल, कार्यक्रम सयोजक कार्तिक मुदगल, रोहित यादव, दीपेश अग्रवाल, सौरभ बघेल, यशवर्धन सिंह, नीर सारस्वत, हैप्पी भारद्वाज, राजा पंडित, वीरू बघेल, जयेश, ओनिक , रोहन आदि अनेकों राष्ट्रभक्त मौजूद थे।

# इंडिया राइजिंग ने यमुना किनारे आरती स्थल पर चलाया अपना 589 स्वच्छता अभियान

साांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा की जीवन रेखा कही जाने वाली पतित पावन यमुना मैया, जो अब विषधर कालीदह के विष से संतप्त होकर कराह रही है, जिसके स्वच्छीकरण को समर्पित किया राइजिंग परिवार ने, प्रातः 6 बजे से यमुना आरती स्थल, यमुना किनारा पर यमुना सफाई अभियान प्रारंभ किया। राइजिंग परिवार के लगभग 35 सदस्यों ने पूर्ण मनोयोग से कृष्णप्रिया कालिंदी के जल से प्लास्टिक और कचरा निकालने का कार्य प्रारंभ किया और यमुना आरती स्थल से अम्बेडकर पुल तक सैकड़ों थैले भरकर प्लास्टिक निकाली, जिसे निस्तारण के लिए नगर निगम की टीम को सौंप दिया गया। राइजिंग परिवार ने समस्त शहरवासियों से निवेदन भी किया कि वे यमुना में कूड़ा डालकर प्रदूषित न कर उसे स्वच्छ बनाने में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें। यमुना को स्वच्छ रखने से ही हमारी कृष्ण भक्ति सार्थक होगी, क्योंकि कृष्ण को यमुना अत्यंत प्रिय है। आज के अभियान में नगर निगम के असिस्टेंट कमिश्नर अशोक प्रिय गौतम, जेड एस ओ महेन्द्र सिंह, आशुतोष वर्मा, नितिन जौहरी, वंदना कक्कड़, मुकेश शर्मा, अवधेश शर्मा अध्यक्ष संगीता राठौड़ सहित दर्जनों सदस्य इंडिया राइजिंग के उपस्थित रहे।




# नाला सफाई के लिए चलाया अभियान

**सिल्ट उठाने में लगे 54 ट्रैक्टर, 10 लोडर और 6 जेसीबी, 30 जून तक पूरे होने हैं काम**



साांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** नगर निगम मानसून से पहले शहर के सभी छोटे बड़े नाले साफ करने में जुटा है। जिससे कि बारिश के दौरान जलभराव की समस्या न खड़ी हो। नाला सफाई के दौरान सबसे बड़ी चुनौती सिल्ट उठाने की है। इसके लिए नगर निगम ने 54 ट्रैक्टर, 10 ट्रैक्टर लोडर और 6 जेसीबी लगाई हुई हैं। इतना ही नहीं, सिल्ट उठाने के बाद सड़कों की धुलाई भी कराई जा रही है। ताकि सड़कों पर सिल्ट न जमी न रह जाए। आगरा नगर निगम सीमा में 410 छोटे बड़े नाले हैं।

**इन नालों से निकली जा रही सिल्ट**

अभियान के दौरान बुढान सैयद, एसटीपी प्लांट नगला बूढ़ी, कैलाश रोड, मुगल रोड,नवल किशोर रोड, वीरी सिंह इंटर कालेज दयालबाग,सदर वन, पृथ्वीनाथ मंदिर रोड, शमसाबाद रोड, एकता पुलिस चौकी, एत्माद्दौला रोड, सतीनगर यमुना पार क्षेत्र में नालों से निकली सिल्ट का उठान करा कर कोठी मीना बाजार,सदर भट्टी,एत्माहौला के पास स्थित सिल्ट कलेक्शन सेंटरों को भेजा गया।

**जीमखाना और मोतीगंज में नहीं होगा जलभराव**


छत्ता गली नाला बनने से जीमखाना और मोतीगंज क्षेत्र में बरसात में होने वाली जलभराव की समस्या का समाधान हो जाएगा। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने नाला निर्माण कार्य बारिश शुरू होने से पूर्व करा लेने के निर्देश दिए हैं। नाला काजीपाड़ा, बिजलीघर स्थित डलियावाला पुलिया को भी साफ करने के निर्देश दिए। इस स्थान पर नाला मंटोला और नाला काजीपाड़ा के मिलने से सर्वाधिक बहाव होता है। अंबेडकर पार्क में नाले के बीच से गुजर रही पानी की पाइप लाइन के कारण नाले की सफाई व प्रवाह में अवरोध आता है। थाना छत्ता गली नाले की पुलिया में हाल ही में एक ओर 600 एमएम व्यास के पाइप के स्थान पर 900 एमएम व्यास के पाइप डाले गये हैं। इसी प्रकार से दूसरी ओर भी पुलिया में 900 एमएम व्यास के पाइप डालने के निर्देश दिए गए हैं।

**शमसाबाद रोड पर नहीं होगा जलभराव**

शमसाबाद रोड से गुजरने वाले शहरवासियों को जलभराव की समस्या से बड़ी राहत मिली है। शमसाबाद रोड पर डबल पेट्रोल पंप के पास स्थित नाले की पुलिया को नगर निगम ने साफ करा दिया है। पिछले कई माह से यह पुलिया चोक थी, जिससे राजाराम की बगिया से लेकर राजपुर तक विभिन्न स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।

# अभद्रता करने वाले कर्मचारी को बचाने लगे परिवहन निगम के अधिकारी

**आगरा।** सूत्रों से ज्ञात जानकारी पर परिवहन निगम के एक कर्मचारी द्वारा कार्यालय के बाबुओ और एआरएम के साथ अभद्रता की गई जिसके चलते उसको शिकायत होने पर दिनाँक 21-05-2025 को निलंबित कर दिया गया। सूत्रों की जानकारी से संज्ञान हुआ है वह कर्मचारी आगरा रोडवेज के बड़े साहब आरएम आगरा का चाहिता निकला, फिर क्या था, तो उसको बचाने के लिये सबके सब लग गये। यह है की उस बड़े साहब के चहिते कर्मचारी का नाम प्रमोद कुमार बी. सी. बताया जा रहा है, और प्राय वह चर्चा में भी रहा है और कुछ समय पूर्व भी निलंबित हो चूका है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी से यह भी की यह बड़े साहब के चहिते कर्मचारी प्रमोद कुमार बी.सी. पूर्व में एटीआई पद के रहते भ्रष्टाचार मामले में निलंबित हुये थे और बड़े साहब की मेहरबानी से बहाल होने के बाबजूद भी इन महाशय की बस चेकिंग आईडी को बंद नहीं किया गया जिसके चलते यह आये दिन बस चैक करते हुये भी बिना एटीआई दायुत्व के देखे जाते है। यह है की रोडवेज के गलियारों उठती आवाजो से ज्ञात हुआ है खुद एआरएम दिनेश यादव बड़े साहब के गुप्त निर्देश पर अपने ही कार्यालय के बाबुओ पर दवाव बना कर और एक मोटी रकम प्राप्त करवाने का प्रलोभन देते हुये समझौते का दवाब बनाने में लगे है। यह है की जिसके कारण परिवहन निगम आगरा के बाबू वर्ग के इसका अत्यंत विरोध व रोष भी है। सूत्रों की माने इन्ही बड़े साहब आर एम आगरा द्वारा कुछ माह पूर्व एक ईमानदार कर्मचारी को जिसका नाम दुर्गपाल सिंह टीआई बताया जारहा से मोटी रकम की सुविधा नहीं गलत तरीके से मिलने पर निलंबित तो किया साथ अपने इन समझौतबाज एआरएम दिनेश यादव फाउंड्री नगर,एआरएम राजेश यादव ताजडिपो और एआरएम फाइनेंस मल्ल से झूठी रिपोर्ट करवा कर गोरखपुर ट्रांसफर करवादिया। विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी यह है कि यहाँ पर वास्तविक अभद्रता करने वाले कार्मिक को बचाने में यह ही समझौतागैंग एआरएम दिनेश यादव फाउंड्री नगर,एआरएम राजेश यादव ताजडिपो और एआरएम फाइनेंस मल्ल खुद ही लग गये है। यह है की इस सम्बन्ध में परिवहन निगम के आधिकारों से बात करने की कोशिश की गई लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। यह है कि सूत्रों से ज्ञात हुआ है शिकायतकर्ता बाबुओ को 50000-00 पचास हजार - पचास हजार लेकर मुँह बंद करने का दवाब बनाया जारहा। अब देखना यह है की क्या आरएम आगरा इस कर्मचारी प्रमोद जादौन का ट्रांसफर भी आगरा से बाहर करवाते है या एक बड़ी रकम के चलते इसको बहाल करते है।



सेवामें,

क्षेत्रीय प्रबन्धक
उ0प्र0परिवहन निगम,
आगरा।

दिनांक:-09.05.2025

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि श्री प्रमोद कुमार जादौन बी0सी0 फा0नगर डिपो आगरा द्वारा अधोहस्ताक्षरी/उपाधिकारियो के आदेशों/निर्देशों की अवहेलना करने, अभद्रभाषा का प्रयोग करने व अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन भली प्रकार नही किया जा रहा है।

दिनांक 09.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्री प्रमोद कुमार बी0सी0 फा0नगर डिपो आगरा को अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पत्र सं0 672 दिनांक 08.05.2025 के माध्यम से बिजलीघर बस स्टेशन के विद्युत कनैक्शन सं0 67002078 को कार्यालय में कार्यरत डिस्पैच पटल श्री सतीश चन्द अक्षम चालक के द्वारा उक्त बी0सी0 को प्राप्त कराने हेतु भेजा गया, तो इनके द्वारा यह कहते हुए कि एक अक्षम चालक मुझे पत्र प्राप्त करायेगा और यह कार्य मेरे से साम्बन्धित नही हैं, कि कहते हुए पत्र लेने से इन्कार कर दिया। अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में आने पर सम्बन्धित पटल सहायक श्री रामकृष्ण का0स0द्वितीय को निर्देश दिये गये कि उक्त बी0सी0 को उनके दूरभाष पर पत्र प्राप्त करने हेतु सूचित करें, उक्त सम्बन्धित पटल सहायक द्वारा उक्त बी0सी0 से दूरभाष स0 9412229789 पर कार्यालय से पत्र प्राप्त करने हेतु कहा गया, तो उक्त बी0सी0 कार्यलय में उपस्थित नही हुए, और न ही पत्र प्राप्त किया गया। समय करीब 12:00 बजे श्री जादौन अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित हुए और पत्र/कार्य अपने से सम्बन्धित न बताते हुए अधोहस्ताक्षरी व सम्बन्धित पटल सहायक पर उत्तेजित व अभद्रभाषा/असंसदीय शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा गया कि आपको जो करना है, वह कर लीजिए यह कार्य में किसी भी दशा में नहीं करूंगा, और यह अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में काफी देर तक बहस व हंगामा करने के उपरान्त धमकी देते हुए चले गये। उक्त घटना के प्रत्यक्षदर्शी/पीडित कार्यालय कार्मिक उपस्थित हैं, जो उक्त की पुष्टि करते है।

अतः उक्त को दृष्टिगत रखते हुए श्री प्रमोद कुमार जादौन बी0सी0 फा0नगर डिपो आगरा के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही करने की कृपा करें।

(रामकृष्ण) का0स0द्वि0 | (सतीश चन्द) का0स0प्र0 | (लाल सिंह) प्रधान लिपिक | (दिनेश कुमार यादव) सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक

(सतीश चन्द) अक्षम चालक | (अनुज कुमार) बी0सी0 | (धीरज शर्मा) का0स0द्वि0

# संपादकीय

## अमर्यादित और भद्दी टिप्पणी

भारत के लोकतांत्रिक-राजनीतिक-सामाजिक जीवन में कई बार ऐसी घटनाएं होती हैं, या ऐसे दृश्य सामने आते हैं, जिनसे प्रतीत होता है कि यहां कानून का शासन अभी तक ठीक से लागू नहीं हो पाया है। अगर सच में ऐसा है तो कह सकते हैं कि देश में लोकतंत्र अपनी जड़ें जमा नहीं पाया है।भारत ही नहीं, एशिया-अफ्रीका के प्रायः सभी विकासशील देशों का हाल एक जैसा है। माना जाता है कि कानून का राज लोकतंत्र की सबसे अनिवार्य शतरे में से एक है। अगर किसी लोकतांत्रिक देश की प्रशासनिक मशीनरी कानून के राज को विफल करने का प्रयास करती है, तो लोगों का लोकतंत्र से विास डगमगाने लगता है। मध्य प्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह का मामला इसका सबसे अच्छा उदाहरण है। शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी के बार में जिस तरह की अमर्यादित और भद्दी टिप्पणी की उससे पूरा देश स्तब्ध है और आक्रोश में भी है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने विजय शाह की टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया लेकिन पुलिस प्रशासन ने मंत्री महोदय को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। कहने की आवश्यकता नहीं है कि मंत्री शाह की जगह कोई आम आदमी होता तो पुलिस उसका क्या हाल बनाती। उनकी राजनीतिक पार्टी भाजपा भी इस मामले में खामोश है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता उनके बचाव में जो तर्क दे रहे हैं, वे भी कम हास्यास्पद नहीं हैं। कहा जा रहा है कि यह आपराधिक मामला है, इसलिए अदालत कार्रवाई करेगी यानी पार्टी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने मंत्री महोदय के माफी मांगे जाने को घड़ियाली आंसू या कानूनी कार्यवाही से बचने का प्रयास बता कर खारिज कर दिया और उनके खिलाफ मध्य प्रदेश पुलिस को स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। टीम गठित भी हो गई है जो विजय शाह के बयानों की जांच करेगी। आजकल राजनीतिज्ञों में यह भी चलन आम हो गया है कि पहले विवादित बयान दो और जब उसकी आलोचना होने लगे तो माफी मांग लो या यह कह दो कि मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है या लगे हाथ अपने राजनीतिक विरोधियों द्वारा अपने खिलाफ रचाई गई साजिश बता कर अपने बयान से पल्ला झाड़ लो। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के सख्त रुख से लगता है कि मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

# राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचा रहे हैं घर के भेदी

(संदीप सृजन-विभूति फीचर्स)



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला इस बात को साबित करता है कि कैसे बाहरी ताकतें और आंतरिक विश्वासघाती मिलकर देश को अस्थिर करने की साजिश रच रहे हैं। यह भारत के इतिहास में सबसे घातक आतंकी हमलों में से एक माना जा रहा है। इस हमले में शामिल दगाबाजों की भूमिका और उन यूट्यूबर्स या सोशल मीडिया प्रभावकों की गतिविधियाँ महत्वपूर्ण रहीं जो देश के खिलाफ प्रचार या भ्रामक जानकारी फैलाकर राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आधुनिक युग में, सूचना युद्ध (इंफॉर्मेशन वॉर) एक नया आयाम बन चुका है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, विशेष रूप से यूट्यूब, ट्विटर (एक्स), और फेसबुक, ने विचारों और प्रचार को तेजी से फैलाने का माध्यम प्रदान किया है। दुर्भाग्यवश, कुछ यूट्यूबर्स और प्रभावक (इन्फ्लुएंसर्स) इसका दुरुपयोग कर देश के खिलाफ भ्रामक प्रचार करते हैं। पहलगाम हमले के बाद, कुछ यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया प्रभावकों पर आरोप लगे कि उन्होंने हमले के लिए भारत सरकार, सुरक्षा बलों, या स्थानीय लोगों को दोषी ठहराकर भ्रामक नैरेटिव बनाया।

यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा का मामला सामने आया, जिनके बारे में दावा किया गया कि वह हमले से पहले पाकिस्तान गई थीं और वहां के अधिकारियों से उनके संबंध थे। उनके वीडियो में भारत सरकार और सुरक्षा बलों को दोषी ठहराने की कोशिश की गई, जबकि पाकिस्तान या उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई का जिक्र तक नहीं किया गया। यह एक सुनियोजित प्रचार का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसका उद्देश्य जनता में भ्रम पैदा करना और देश की एकता को कमजोर करना था। सोशल मीडिया पर ऐसी गतिविधियां केवल व्यक्तिगत राय तक सीमित नहीं होतीं, ये अक्सर विदेशी ताकतों या आतंकी संगठनों के इशारे पर होती हैं। भारत सरकार ने इस तरह के प्रचार को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। पहलगाम हमले के बाद, 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनल और फेसबुक अकाउंट्स को बंद किया गया, जो हमले को लेकर झूठी जानकारी फैला रहे थे। साथ ही, बीबीसी को भी चेतावनी दी गई कि वह आतंकियों को ÷उग्रवादी÷ कहना बंद करे, क्योंकि यह शब्दावली हमले की गंभीरता को कम करती है।

पहलगाम हमला 2017 के अमरनाथ यात्रा हमले के बाद सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। सैन्य सूत्रों के अनुसार, इस हमले की योजना लंबे समय से बनाई जा रही थी। आतंकियों ने घाटी की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाया, जो घने जंगलों और ऊबड़-खाबड़ इलाकों से घिरी हुई है। बैसरन मेडो तक पहुंचने का रास्ता कठिन है, जहां वाहन नहीं जा सकते, और यह आतंकियों के लिए छिपने और भागने के लिए एक सुरक्षित गलियारा प्रदान करता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि आतंकियों ने हमले से पहले पर्यटन स्थलों और होटलों की रेकी की थी, जिसमें स्थानीय सहयोगियों की मदद ली गई।पहलगाम हमले में दो स्थानीय आतंकियों, आदिल हुसैन ठोकर और आसिफ शेख, की संलिप्तता सामने आई है।

भारत का इतिहास इस बात का साक्षी है कि कई बार देश को आंतरिक विश्वासघात या ÷घर के भेदियों÷ के कारण नुकसान उठाना पड़ा है। चाहे वह मध्यकालीन युग में राजाओं के बीच विश्वासघात हो या आधुनिक समय में जासूसी और आतंकी गतिविधियों में आंतरिक सहयोग, यह समस्या बार-बार सामने आती रही है। मध्यकाल में, कई युद्धों में स्थानीय शासकों या विश्वासपात्रों ने विदेशी आक्रमणकारियों के साथ मिलकर अपने ही लोगों को धोखा दिया। इसका एक उदाहरण 1556 में पानीपत की दूसरी लड़ाई है, जहां हेमू के कुछ सहयोगियों ने विश्वासघात किया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी हार हुई थी।

स्वतंत्रता के बाद, भारत ने कई बार आंतरिक विश्वासघात का सामना किया। 1962 के भारत-चीन युद्ध में खुफिया जानकारी के अभाव और कुछ नीतिगत कमियों ने भारत को कमजोर किया। इसी तरह, 1999 के कारगिल युद्ध में पाकिस्तान समर्थित घुसपैठियों को स्थानीय स्तर पर कुछ सहायता मिलने की बात सामने आई थी। 2008 के मुंबई हमले में भी स्थानीय सहयोगियों की भूमिका की जांच हुई थी, जहां आतंकियों को रसद और सूचना प्रदान करने में कुछ लोगों की संलिप्तता पाई गई थी। पहलगाम हमला भी इस बात का उदाहरण है कि कैसे स्थानीय लोग, चाहे जानबूझकर या मजबूरी में, आतंकी गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं। सरकार ने मीडिया और सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाई। कई लोगों को विवादित पोस्ट के लिए हिरासत में लिया गया, और मीडिया चैनलों को सैन्य अभियानों की रियल-टाइम कवरेज से बचने की सलाह दी गई। पहलगाम हमले ने भारत के सामने कई चुनौतियों को उजागर किया है। आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना होगा। सूचना युद्ध से निपटना होगा। यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया प्रभावकों के माध्यम से फैलाया जा रहा प्रचार देश की छवि को नुकसान पहुंचा सकता है।

## शब्द सामर्थ्य - 059

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**


2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 058 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# त्रिया हठ और टूटते बिखरते परिवार

(पूरन चंद शर्मा-विनायक फीचर्स)



जानेमाने फिल्म कलाकार शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी फिल्म एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने जहीर इकबाल से शादी की। सोनाक्षी सिन्हा के माता-पिता पूनम सिन्हा एवं शत्रुघ्न सिन्हा इनके प्रेम प्रसंग के बारे में जानते थे। पिता शत्रुघ्न सिन्हा एवं सोनाक्षी के भाई लव और कुश इनकी शादी के खिलाफ़ थे। इस शादी में दोनों भाई लव एवं कुश शामिल नहीं हुए। यहां पर भी सोनाक्षी सिन्हा के त्रिया हठ ( स्त्री हठ) ने काम किया और माता पिता एवं भाइयों की मर्जी के विरुद्ध सोनाक्षी ने शादी कर ली। मेरे एक मित्र ने बताया कि ऐसे मामलों में अधिकतर लड़के माता -पिता के कहने पर शादी न करने के लिए मान जाते हैं पर लकड़ियां ही अपनी जिद् पर अड़ जाती हैं कि मैं शादी इसी लड़के से करूंगी। यही पर स्त्री हठ काम कर जाता है। वृन्दावन के एक प्रसिद्ध कथा वाचक ने कहा है कि जो पुत्री अपने माता- पिता की इच्छा के विरुद्ध शादी करती है उसका जीवन सुखमय नहीं रहता है क्योंकि माता-पिता का आशीर्वाद उसे दिल से नहीं मिलता है । आप सभी जानते हैं कि रामायण में केकैयी के हठ के कारण भगवान राम को अपनी पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ चौदह वर्ष के लिए जंगलों में भटकना पड़ा। वहाँ उन सबको अगणित कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सबसे बढ़कर राजा दशरथ की मृत्यु हो गई और भरत ने राजगद्दी पर बैठने से इन्कार कर दिया। यदि माता सीता स्वर्ण मृग (सोने का हिरण) लाने की जिद भगवान राम से न करतीं तो रावण उनका अपहरण न कर पाता। उस स्थिति में शायद रामायण का युद्ध न होता। इसी तरह द्रौपदी यदि अपने हठ और अहंकार का प्रदर्शन न करती तो शायद महाभारत का विनाशकारी युद्ध टल जाता जो इतने सारे विद्वानों और योद्धाओं को लील गया। इस तरह की घटनाएं इतिहास के पन्नों में काली कहानियों के रूप में दर्ज हो चुकी हैं। उनको पढ़कर मन पीड़ित होता है। विश्व में हुई अनेक घटनाएँ इस बात की गवाह हैं कि त्रिया हठ से किसी का भला नहीं होता। घर-परिवार को सम्हालने वाली स्त्री होती है। पुरुष के बूते की बात नहीं कि वह घर को सुचारू रूप से चला सके। यदि वही हठ करके बैठ जाए तो वह घर घर नहीं रहता श्मशान की तरह हो जाता है। वहाँ कुछ भी शुभ नहीं होता। वहाँ पर दिन-प्रतिदिन कुव्यवस्था का साम्राज्य होता जाता है। घर के सभी लोग अपनी मनमानी करने लगते हैं। घर बरबाद हो जाता है। माता पिता के इच्छा के विरुद्ध जिन बेटियों ने अपने हठ के कारण शादी की या जो भी कार्य किए इससे इन हठीली बेटियों का जीवन दुःखमय ही बीता है ऐसे आपके आसपास साक्षात अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। माता-पिता को धरती पर भगवान माना गया है चाहे वे अच्छे हो या बुरे धरा पर लाने वाले तो वे ही है। स्त्री का हठ हमेशा से घर-परिवार के लिए विनाशकारी ही सिद्ध हुआ है। हठ करने वाली मां, सास, बहू , बहन, बेटी आदि कोई भी हो ये सभी स्त्री ही तो हैं। इनके हठ से बसा बसाया घर उजड़ जाता है। ऐसी स्त्रियों की ससुराल में तो क्या अपने मायके में भी नहीं बनती। उनके इस स्वभाव के कारण वहाँ भी उन्हें कोई पसन्द नहीं करता।

## सू- दोकू क्र. 059

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 058 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा का रिजल्ट आपके पक्ष में आएगा। आर्ट, मीडिया से जुड़े लोगों को नौकरी के नये अवसर मिलने के योग हैं। आपको ऑफिस में आपके कार्यों के लिए सम्मान मिलेगा। नया प्रोजेक्ट आपको दिया जाएगा आप उसे बेहतरीन तरीके से पूरा करेंगे जो आगे चलकर आपके लिए लाभदायक साबित होगा। आपकी इनकम बढ़ेगी। आपका पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आज किसी मामले में उलझने से बचें। आज आप सेहत का खास ख्याल रखें।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए लकी रहेगा। आप अपने बिजनेस में नई शुरूआत करेंगे। आपको जबरदस्त सफलता मिलेगी। लोगों में आपका प्रभाव बढ़ेगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। इस दौरान आप नये लोगों से मिलेंगे। कुछ नया सीखने को मिलेगा। कई माध्यमों से धन कमाने के मौके मिलेंगे। इस दौरान आप ओवर कॉन्फिडेंस से बचें। आज आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति स्ट्राग बनी रहेगी। कुछ पारिवारिक खर्चे होंगे। घर का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को नजरअंदाज ना करें, अपने खानपान का ध्यान दें।

**मिथुन**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपके परिवार का माहौल सुखद रहेगा। आपसी तालमेल देखकर आपको खुशी होगी। आपकी प्रोफेशनल लाइफ शानदार रहेगी। आज किए गए प्रयासों से दोगुना लाभ होगा। आप आर्थिक तौर पर खुद को मजबूत पायेंगे। जो लोग चिकित्सा से जुड़ें हैं, उनके लिए उत्तम समय है। कुछ नई उपलब्धियां मिलेंगी। आप लवमेट के साथ किसी मनपसंद जगह जाने का प्लान बनाएंगे। इस दौरान आपके कुछ खर्चे भी होंगे। आज आपको क्रोध करने से बचना चाहिए किसी से भी बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए नये फैसले लेंगे। आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा बदलाव आएगा। बिजनेस ट्रिप भी कर सकते हैं। आपको सुखद अनुभव के साथ मानसिक सुकून मिलेगा। आज आप परिवार के खुशहाल माहौल में दिन बिताएंगे। कार्यस्थल पर आप सतर्क रहेंगे, विरोधी समस्या खड़ी कर सकते हैं, इसलिए आपको सावधान रहने की जरूरत है। आज आपको किसी भी तरह की लापरवाही से बचना चाहिए। आज आपको दोस्तों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**सिंह**
आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपको आपके करियर के क्षेत्र में अपार संभावनाएं मिलेंगी आपका सरकारी काम बनेगा। उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको नौकरी में लाभ होगा। आपको नई दिशा मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपकी लाइफ स्टाइल में बदलाव देखने को मिलेगा। आपके हर कार्य में जीवनसाथी का सहयोग मिलता रहेगा। आप अपने परिवार के साथ ज्यादा समय बिताएंगे। संतान की ओर से बड़ी खुशखबरी सुनने को मिलेगी। यह शिक्षा के क्षेत्र में कामयाबी की हो सकती है। कहीं बाहर उच्च शिक्षा के लिए जाएंगे।

**कन्या**
आज आपका दिन खास रहने वाला है। व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन कर छात्र कामयाबी पा सकेंगे। जीवनसाथी से आपकी अच्छी अंडरस्टैंडिंग रहेगी। आप आनंदित महसूस करेंगे। आज प्रापर्टी से जुड़े मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है। खासकर कागजी कार्यवाही ध्यान से करें। व्यापारिक गतिविधियों में सफलता मिलने से आर्थिक क्षेत्र में बड़ा लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों के साथ किसी एडवेंचर ट्रिप पर जा सकते हैं। फिटनेस के लिए व्यायाम करें।

**तुला**
आज का दिन आनंद से भरा रहेगा। आपके परिवार में मांगलिक कार्य होगा। घर का माहौल खुशहाल रहेगा। आज आप कुछ समय संगीत सुनने में बिताएंगे। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। नई नौकरी ज्वॉइन करने से पहले अच्छी तरह सोच-समझ लें। आज जल्दबाजी में निर्णय न लें। ऑफिस में आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने को मिलेगा। आपकी आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। आप अपने घर के लिए आज कुछ योजनाएं बनाएंगे। घर में किसी की सेहत को लेकर आप डॉक्टर से सुझाव लेंगे। बच्चों का मन पढ़ाई में लगेगा।

**वृश्चिक**
आपके लिए आज का दिन उम्दा रहेगा। आप किसी बिजनेस में धन निवेश करेंगे। आप व्यापार संबंधी नई योजना शुरू करेंगे। अपने व्यापार को आगे ले जाएंगे। आपका रुका हुआ पैसा वापस आ सकता है। आप कुछ दान पुण्य का काम भी करेंगे। जरूरतमंद बच्चों को उनके जरूरत की चीजें बाटेंगे। किसी लंबी यात्रा से बचें। इस राशि के महिलाओं के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी संतान का भाग्योदय होगा। अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप व्यायाम करें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आपका वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। आप एक दूसरे की भावनाओं को समझने का प्रयास करेंगे। आप अपने बच्चों और परिवार के साथ ज्यादा समय बिताएंगे। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन बढ़िया रहेगा। आपको आपके सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा। आपको नयी-नयी जगह घूमने का मौका मिलेगा। आप बहुत कुछ नया सीखेंगे। आपकी जॉब में सैलरी बढ़ने के योग हैं। कार्यस्थल पर अपने विरोधियों से सतर्क रहें। आज आप अपने बड़बोलेपन से बचें। आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**मकर**
आपके लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आपको परिवार का साथ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में परेशानियां खत्म होंगी। कार्यस्थल पर आज आपकी भागदौड़ ज्यादा रहेगी। व्यापार में अच्छे लाभ के योग हैं। इस दौरान किसी तरह की लापरवाही भारी पड़ सकती है। लेनदेन करते समय खास ध्यान रखें। आप अपना कुछ समय परिवार और दोस्तों के साथ गुजारें या मनोरंजन के लिए भी निकालें, अच्छा महसूस करेंगे। काफी समय से रुका हुआ काम पूरा होने की उम्मीद है। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी। आपको मेहनत का फल मिलेगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने कार्यस्थल पर अपने सीनियर्स का सहयोग मिलेगा। आप अपनी पहचान बनाने में सफल रहेंगे। अपनी कड़ी मेहनत से विरोधियों को चुनौती दे पाएंगे। आपका नए कार्यों में मन लगेगा। आप अपना बेस्ट देने का प्रयास करेंगे। नौकरी में उम्मीद से ज्यादा लाभ मिलेगा। इस दौरान आप आलस्य को अपने ऊपर हावी ना होने दें, साथ ही वाणी में मधुरता रखें। पारिवारिक सदस्यों के बीच आपसी प्रेम रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर आप डॉक्टर से सलाह लेंगे।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आप अपना बिजनेस स्टार्ट करेंगे। आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आपके निजी रिश्तों में सुधार आएगा। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में आर्थिक फायदा मिलेगा। इस दौरान आपको अपने खर्चों पर नियंत्रण रखना होगा। आपके घर परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। आप अपनी सेहत के प्रति थोड़ा सजग रहें। बेवजह गुस्सा करने से बचें। मानसिक शांति के लिए योग करें। आपके जीवन में नवीन विचारों का संचार होगा। अचानक कहीं से धन लाभ हो सकता है।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के स्वर्णिम ग्यारह साल

(सुरेश पचौरी-विभूति फीचर्स)

लोकतंत्र में श्रेष्ठ नेतृत्व की पहचान नीति, नीयत और निष्ठा की कसौटी पर खरा उतरने से होती है, यह एक सुखद पक्ष है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी इस मापदंड पर सर्वथा खरे उतरे हैं। देश की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी और उन्होंने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की प्रथम बार शपथ ली। बतौर प्रधानमंत्री अपने 11 वर्ष के लगातार कार्यकाल में उन्होंने राजपथ को कर्तव्य पथ के रूप में स्वीकारा तथा देशवासियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहे। श्री नरेन्द्र मोदी ऐसे कर्मयोगी हैं, जो 'सर्वे भवन्तु सुखिन' के राष्ट्र-भाव को चरितार्थ करते हुए 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं। संक्षेप में कहा जाए तो मोदी जी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का सिद्धांत है- रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म, प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए अपनी प्राथमिकता में GYAN को रखा है। G का तात्पर्य गरीब, Y का तात्पर्य युवा,का तात्पर्य अन्नदाता किसान और N का तात्पर्य नारी, वर्तमान में केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं में इन पर अधिक फोकस किया है।

**गरीब कल्याण कार्यक्रम**

केन्द्र सरकार ने समाज के शोषित, वंचित, पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिये हैं। श्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। पिछले 11 वर्षों में यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत लगभग 12 करोड़ शौचालय बन चुके हैं। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ गैस कनेक्शन निःशुल्क दिये गये हैं। पिछले 5 सालों में जल जीवन मिशन के तहत 12 करोड़ परिवारों के घरों में नल से जल देने का काम पूरा हुआ है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को 4 करोड़ घर मिल चुके हैं। देश के 80 करोड़ जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत मार्च 2025 तक कुल 55.02 करोड़ जन-धन खाते देश में खोले जा चुके हैं। इन्हीं सब प्रयासों की वजह से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ गये हैं।

**युवा शक्ति की बेहतरी**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं में युवाओं के लिए अच्छा स्वास्थ्य, फिटनेस और उन्हें उचित हुनर से लैस करना शामिल है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा कोष योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने भारत को विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ाया है। मार्च 2025 तक समर्थ पोर्टल पर लगभग 5 लाख उपयोगकर्ता पंजीकृत हुये, जिनमें से 77 प्रतिशत युवाओं को प्लेसमेंट मिल चुका है। स्टार्टअप इंडिया के तहत 16 लाख लोगों को प्रत्यक्ष नौकरियां मिली हैं और नौजवान इन योजनाओं से प्रभावित होकर स्वरोजगार स्थापित कर रहे हैं।




**किसान कल्याण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन बहुत साफ़ है कि किसानों को उनकी पैदावार का सही दाम मिले। इस बाबत् फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में रिकार्ड बढ़ोत्तरी की। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को उनके बैंक खातों में हर चार महीनों में दो हजार रुपये पहुचाये जाते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि से करीब साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये सीधे किसान के खातों में पहुंचे हैं। पीएम फसल बीमा योजना के तहत दो लाख करोड़ रुपये किसानों को मिले हैं। किसानों को सस्ते दामों में खाद मिले, इस दिशा में पिछले दस सालों में बारह लाख करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं।

दलहन, तिलहन और नारियल की खरीद के लिए सरकारी गारंटी बढ़ाकर 45,000 करोड़ रुपये कर दी गई है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएमआरकेवाई) और कृषोन्नति योजना (केवाई) का बजट 1,01,321.61 करोड़ रुपये कर दिया है। आज भारत दूध और मसालों के उत्पादन में विश्व में पहले नम्बर पर है। भारत सरकार ने 2817 करोड़ रुपए डिजिटल कृषि मिशन के लिए स्वीकृत किये हैं।

**महिला सशक्तिकरण**

महिला सशक्तिकरण मोदी सरकार के विकास एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है। मातृवंदन योजना, नारी शक्ति वंदन और 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद जगी है। स्टैंडअप इंडिया से 81 प्रतिशत महिलाएं उद्यमी बनीं।

मुद्रा योजना से 68 प्रतिशत महिलाएं लाभार्थी हुईं । केन्द्र सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है, जिनमें से लगभग 1 करोड़ 10 लाख लखपति दीदी अपना गरिमामय जीवन जी रही हैं। 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' अभियान से बेटियों का आत्मसम्मान बढ़ा है। तीन तलाक कानून की समाप्ति से मुस्लिम महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

**स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने देश में लगभग 1लाख 75 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले हैं। मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के हर वर्ग खासकर सामान्य लोगों तक सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस दिशा में जारी प्रयास के परिणाम स्वरूप अस्पताल,इलाज और दवाओं पर होने वाला खर्च निरन्तर कम होता जा रहा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री जी ने स्वदेशी वैक्सीन के आविष्कार में प्रेरक भूमिका निभाई।

**सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना संकल्प विरासत का, संरक्षण भी और विकास भी के परिणाम स्वरूप अयोध्या में रामलला की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, केदारनाथ धाम का नवनिर्माण, बद्रीनाथ क्षेत्र का विकास, करतार साहब कॉरिडोर को खुलवाना, हेमकुण्ड साहब और गिरनार में रोपवे बनाना, नमामि गंगे योजना, तिरुवल्लूर में कल्चरल सेन्टर बनाना आदि उल्लेखनीय कार्यों से भारत आत्मगौरव के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

**धारा 370 की समाप्ति**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर दी। धारा- 370 को हटाना इतिहास की धारा को मोड़ने वाला निर्णय साबित हुआ है, इससे जम्मू-कश्मीर में खुशहाली की राह खुली है और देश की एकता व अखण्डता का ताना-बाना मजबूत हुआ है। आज स्थिति यह है कि जम्मू-कश्मीर के नागरिक आतंकियों की गतिविधियों के पुरजोर विरोध में खड़े हुये हैं।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की भेंट

## सार्थक और सफल रहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से सौजन्य भेंट एवं चर्चा की। इसके पहले शनिवार को नीति आयोग की गवर्निंग बॉडी की बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी की मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भेंट हुई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का दो दिवसीय नई दिल्ली प्रवास सार्थक और सफल रहा।

### नीति आयोग की बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की 10वीं बैठक में भाग लिया। यह बैठक 'विकसित राज्य फॉर विकसित भारत ञ्च2047' थीम पर केंद्रित थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में शामिल होकर प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का मार्गदर्शन प्राप्त किया और इस बैठक को भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया %एक्स% पर कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में सभी राज्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश विकास और



लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है और निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत–आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के विजन से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राज्य सरकार संकल्पित है।

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री जी को बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बधाई दी और उनका आभार माना। राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा भी प्रधानमंत्री जी को बधाई दी गई। आधुनिक तकनीक की मदद से आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारना एक बड़ी उपलब्धि है।

### मध्यप्रदेश में संपन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों पर प्रजेंटेशन

नीति आयोग की बैठक में मध्यप्रदेश सरकार की ओर से विभिन्न विकास परक कार्यों और योजनाओं की उपलब्धि विस्तार से सबके सामने रखी गई। बैठक में सभी सहभागियों ने एक स्वर में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मध्यप्रदेश देश की अर्थ व्यवस्था में 2 ट्रिलियन डालर का योगदान देगा। प्रधानमंत्री जी ने राज्यों से आव्हान किया है कि इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी राज्य अपना–अपना योगदान दें। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब, किसान (अन्नदाता), महिला और युवाओं को लाभ दिया जाए। मेड इन इंडिया (स्वदेशी) को बढ़ावा देते हुए स्वास्थ्य से लेकर सभी क्षेत्रों में योजनाएं तैयार की जाएं।

# जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाये-राज्यपाल श्री पटेल

## राज्यपाल धार ज़िले मे सिकेल सेल जागरूकता कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल ब्यूरो।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सिकल सेल को खत्म करने के लिए स्क्रीनिंग के बाद जेनेटिक काउंसलिंग पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि धार जिले में 12 लाख लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिनमें से लगभग 25 सौ लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। सिकल सेल पॉजिटिव आपस में विवाह नहीं करें, इसकी समझाइश दी जानी चाहिए। यह बात राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिये चलाए जा रहे अभियान के कार्यक्रम में कही। कार्यक्रम का आयोजन धार जिले में जागरूकता अभियान के तहत किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण भी अतिथियों और आमजन द्वारा किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि उन्होंने जन औषधि केंद्रों पर आयुष विभाग के माध्यम से दवाइयों की उपलब्धता कराई गई है। उन्होंने पॉजिटिव पाए गए लोगों से नियमित दवाई लेने और व्यायाम करने, सुपाच्य भोजन करने, ठंडे पानी से नहीं नहाने और अधिक मात्रा में पानी पीने की समझाइश दी। उन्होंने सभी स्टोर्स पर दवाइयों की उपलब्धता और डॉक्टर्स द्वारा जनजागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल के क्षेत्र मे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में लगी प्रदर्शनी को सराहा। राज्यपाल ने सभी लोगों से उसका अवलोकन करने का आग्रह भी किया।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'मन की बात कार्यक्रम' विकसित भारत का दर्शन : मंत्री श्री शुक्ला



भोपाल

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को विकसित भारत का दर्शन बताया है। उन्होंने आज नई दिल्ली के एमपी भवन में मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया।

मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मन की बात कार्यक्रम से देश के जनमानस से मन की ही नहीं, विकसित भारत की बात भी करते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के इस कार्यक्रम को देश की जनता घरों में, टोलों में, चौराहे पर इकट्ठा होकर मन से आत्मसात करती है।

# पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास शीघ्र प्रारंभ करें : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

### नवनिर्मित छात्रावास भवन का किया निरीक्षण

भोपाल ब्यूरो।



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्धघुमन्तु कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने नीमखेड़ा जबलपुर में नवनिर्मित पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास को शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिए है । राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने रविवार को जबलपुर भ्रमण के दौरान नवनिर्मित 500 सीटर पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने नवनिर्मित छात्रावास के कक्ष, मेस,किचन सहित सम्पूर्ण परिसर और उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास परिसर की अधूरी बाउंड्रीबॉल को शीघ्र पूर्ण कराए जाने एवं परिसर में पौधारोपण करने के भी निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान विछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण जबलपुर के जिला अधिकारी श्री आशीष दीक्षित उपस्थित थे।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### जापान को पछाड़ भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अगले तीन वर्षों में जर्मनी से होगा आगे

**नई दिल्ली ,ए.।** नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले 2.5 से 3 वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। सुब्रह्मण्यम ने 10वीं नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल मीटिंग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं जब बोल रहा हूं, तब हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी हैं और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ का डेटा है। आज भारत जापान से भी बड़ी अर्थव्यवस्था है। सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, तो भारत अगले 2, 2.5 से 3 वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका की जीडीपी वृद्धि इस साल 1.8 प्रतिशत तक धीमी होने की उम्मीद है, जो 2026 1.7 प्रतिशत तक रह जाएगी। वहीं, यूरोप की वृद्धि दर 2025 में मात्र 0.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, 2026 में इसमें रिकवरी देखने को मिलेगी और यह 1.2 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। फ्रांस में इन दो वर्षों के लिए वृद्धि दर क्रमशः 0.6 प्रतिशत और 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। स्पेन से 2025 में अन्य देशों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है, क्योंकि यह 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज करने वाला एकमात्र यूरोपीय देश है। हालांकि, 2026 में इसके घटकर 1.8 प्रतिशत पर आ जाने की उम्मीद है। ब्रिटेन में इन दो वर्षों में क्रमशः 1.1 और 1.4 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।

### ड्रोन के जरिए पहुंचाई जाएगी दुर्गम इलाकों में मछली : केंद्र

**नई दिल्ली ,ए. ।** केंद्र सरकार की ओर से जानकारी दी गई है कि दुर्गम इलाकों में एग्रीगेटर से वितरण बिंदु तक मछली ले जाने का काम बहुत जल्द ड्रोन के माध्यम से होता नजर आएगा। मछली पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के सचिव (मत्स्य पालन) डॉ. अभिलक्ष लिखी के अनुसार, जीवित मछली परिवहन के लिए वर्तमान में ड्रोन तकनीक पर एक पायलट प्रोजेक्ट चल रहा है। इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य 70 किलोग्राम पेलोड ड्रोन विकसित करना है, जो दुर्गम इलाकों में जीवित मछली ले जाने में सक्षम हो। एक कार्यक्रम में, डॉ. लिखी ने राज्यों से इनोवेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर और संस्थागत तालमेल के जरिए मत्स्य पालन क्षेत्र को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से सहयोगी प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। मछुआरों की सुरक्षा और परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए सैटेलाइट टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग पर जोर दिया गया, जिसमें रिसोर्स मैपिंग, बायोमेट्रिक पहचान और चेहरे की पहचान जैसे पहलू शामिल हैं।

# बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित की टीम, शुभमन बने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान, ऋषभ उपकप्तान

**मुंबई, (ए.)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले माह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टीम के नये उपकप्तान होंगे। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए युवाओं पर भरोसा जताया है। इससे पहले माना जा रहा था कि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कप्तानी की जिम्मेदारी दी जाएगी। बुमराह के अलावा केएल राहुल भी कप्तानी के दावेदार थे। रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने के बाद से ही माना जा रहा था कि भविष्य को देखते हुए बीसीसीआई शुभमन को कप्तान बनायगा और ये बात सही साबित हुई। भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, इसका पहला मैच 20 जून से लीड्स क्रिकेट स्टेडियम में होगा।



अगरकर ने कप्तान के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन टीम के कप्तान रहेंगे और ऋषभ पंत टीम के उपकप्तान। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि बुमराह सभी मैच के लिए उपलब्ध रह पायेंगे। राहुल के बारे में अगरकर ने कहा कि राहुल ने पहले कप्तानी की, लेकिन तब मैं वहां नहीं था। हम उम्मीद करते हैं कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। बुमराह के लिए फिट गेंदबाज के रूप में रहना अधिक महत्वपूर्ण है उनपर कप्तानी का अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जा सकता। अगरकर ने जोर देकर कहा कि कप्तान को एक-दो सीरीज के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय के लिए चुना जाता है। उन्होंने कहा कि आप कप्तान को एक-दो सीरीज के लिए नहीं चुनते, बल्कि दीर्घकालिक योजना बनाते हैं। हमें उम्मीद है कि शुभमन समय के साथ सीखेंगे।

वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास को लेकर उन्होंने कहा कि विराट ने अप्रैल में ही अपनी संन्यास की योजना को लेकर जानकारी दे दी थी। वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी को टीम में शामिल नहीं किये जाने को लेकर अगरकर ने कहा कि शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं। इसलिए उन्हें शामिल नहीं किया गया है। हाल में शानदार प्रदर्शन को देखते हुए प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह और आकाश दीप को शामिल किया गया है।

आकाश दीप

इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम

13 जून- बेकेनहम में भारत बनाम इंडिया-ए

20 जून- लीड्स में भारत बनाम इंग्लैंड

2 जुलाई- बर्मिंघम में भारत बनाम इंग्लैंड

10 जुलाई- लॉर्ड्स में भारत बनाम इंग्लैंड

23 जुलाई- मैनचेस्टर में भारत बनाम इंग्लैंड

# रोहित-विराट के बाद अब श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट को कहा अलविदा



**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के दो दिग्गज क्रिकेट विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट के दो हफ्ते बाद श्रीलंका के दिग्गज क्रिकेटर ने भी टेस्ट क्रिकेट को छोड़ने का ऐलान कर दिया. लेकिन वो अपना आखिरी टेस्ट बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे, जो उनका फेयरवेल टेस्ट होगा, जबकि रोहित और कोहली को ऐसा करने का मौका नहीं मिला.

श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट करके टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि वह बांग्लादेश के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे. सीरीज का पहला मैच 17-21 जून को गॉल में खेला जाएगा.

मैथ्यूज ने 2009 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और अगले हफ्ते वो 38 साल के हो जाएंगे. उन्होंने 34 टेस्ट मैचों में श्रीलंका की कप्तानी भी की, जिसमें 2014 में हेडिंग्ले में एक मशहूर जीत भी शामिल है. वो वर्तमान में कुमार संगकारा और महेला जयवर्धने के बाद टेस्ट में श्रीलंका के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं. उन्होंने 118 टेस्ट मैचों की 210 पारियों में 44.62 की औसत से कुल 8167 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 45 अर्धशतक शामिल है. उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 200 रन है. उनके नाम टेस्ट में 33 विकेट भी हैं. मैथ्यूज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में लिखा, जून में बांग्लादेश के खिलाफ पहला टेस्ट मैच मेरे देश के लिए आखिरी रेड-बॉल मैच होगा. हालाँकि मैं टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह रहा हूं, लेकिन चयनकर्ताओं के साथ चर्चा के अनुसार मैं सफेद गेंद के फॉर्मेट के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहूंगा, अगर मेरे देश को मेरी जरूरत होगी. उन्होंने आगे लिखा, मेरे लिए खेल के सबसे पसंदीदा प्रारूप, अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने का समय आ गया है. श्रीलंका के लिए पिछले 17 साल क्रिकेट खेलना मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान और गौरव रहा है जब कोई राष्ट्रीय जर्सी पहनता है तो देश भक्ति और सेवा की भावना से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता.मैथ्यूज ने ये भी कहा, मैंने क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है और क्रिकेट ने मुझे बदले में सब कुछ दिया है और मुझे वह व्यक्ति बनाया है जो मैं आज हूं मैं खेल के प्रति आभारी हूं, और श्रीलंका क्रिकेट के उन हजारों प्रशंसकों का आभारी हूं जो मेरे करियर के हर उतार-चढ़ाव में मेरे साथ रहे हैं।

## दिल्ली ने पंजाब को 6 विकेट से हराया, समीर रिजवी ने खेली तूफानी पारी

**जयपुर, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के 66वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया. जयपुर में खेले गए इस मैच में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टोनिस के 16 गेंदों में 44 रन और कप्तान अय्यर के 34 गेंदों में 53 रनों की बदौलत पूरे 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 206 रन बनाने में कामयाब रहा। 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने करुण नायर के 27 गेंदों में 44 रन और समीर रिजवी के 25 गेंदों में 58 रनों की बदौलत 19.3 ओवर में ही जीत हासिल कर ली. इस जीत के साथ दिल्ली ने आईपीएल 2025 में अंक तालिका में 15 पॉइंट्स के साथ 5वें स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया. उन्हें 14 मैचों में 7 मैं जीत और 6 में हार का सामना करना पड़ा, जबकि एक मैच रद्द हो गया था. यह मैच सबसे पहले 8 मई को धर्मशाला में खेला गया था, जब भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव बढ़ने के कारण खेल को 10 ओवरों के बाद ही रोकना पड़ा था. फिर दुबारा जयपुर में रात को बहुत अधिक धूमधाम के बिना टॉस डीसी ने जीता. ऐसा लग रहा था कि मैच के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में ऊर्जा थोड़ी कम थी, क्योंकि आरआर पहले ही आउट हो चुके थे और दिल्ली के लिए खेल का कोई खास महत्व नहीं था. इस मैच को हारकर पंजाब किंग्स ने शीर्ष दो की दौड़ को अभी भी जीवित रखा हुआ है. क्योंकि टॉप फोर टीमों के अब केवल एक एक मैच बचे हैं और टाप दो टीमों के अंक अभी भी 18 और 17 हैं. इसके अलावा इस सीजन आरसीबी और पीबीकेएस के पास पहली बार आईपीएल खिताब जीतने का सुनहरा मौका भी है।

# मधुमक्खियों के हमले से सीडीओ व एडीएम गंभीर

## सबसे अधिक डंक एडीएम को लगे, झांसी रेफर

## देवगढ़ में बौद्ध गुफाओं को देखने जाते समय हुआ हादसा





**ललितपुर।** पर्यटन स्थल देवगढ़ में विकास योजनाओं के लिए निरीक्षण करने के बाद बौद्ध गुफाओं को देखने पहुंचे अधिकारियों-कर्मचारियों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जान बचाकर भागे अधिकारियों को मधुमक्खियों ने इतने डंक मारे कि मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पांडे बेहोश हो गए, जबकि अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव समेत करीब दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया. जिसके करीब एक घंटे बाद सीडीओ कमलाकांत को होश आया। हालांकि मधुमक्खियों के हमले में घायल अधिकारी-कर्मचारी फिलहाल अस्पताल में ही भर्ती हैं। बाद में एडीएम नमामि गंगे की हालत ज्यादा ही बिगड़ गई, जिस पर उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रेशम विकास व युवा कल्याण विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार दो दिन के दौरे पर जिले में हैं। उन्होंने धार्मिक स्थल देवगढ़ का निरीक्षण किया था। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए योजनाएं बनाने का निर्देश दिया था। इसी के क्रम में रविवार को सीडीओ कमलाकांत पांडे, एडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार घनेंद्र तिवारी, उप निरीक्षक दिनेश कुमार, लेखपाल सूर्यांश, शशांक और कई जनप्रतिनिधियों समेत करीब 25 लोगों की टीम निरीक्षण के लिए पहुंची थी। दशावतार मंदिर के एक किमी आगे टीम निरीक्षण ही कर रही थी कि दिन में करीब 1 बजे मधुमक्खियों ने टीम हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के अचानक हमले से अफरातफरी मच गई। जिसको जिधर रास्ता मिला, वहीं जान बचाकर भागा। बताते हैं कि सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय और एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव को मधुमक्खियों ने सबसे ज्यादा डंक मारे। अधिकारियों को संभलने का मौका नहीं मिला। टीम में शामिल अन्य लोगों का भी यही हाल था। लोग भागते रहे लेकिन मधुमक्खियों ने पीछा नहीं छोड़ा। मधुमक्खियों ने सीडीओ समेत टीम के सभी सदस्यों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सीडीओ कमलाकांत तो मधुमक्खियों के हमले से बेहोश हो गए। जबकि एडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव समेत टीम के अन्य सदस्यों की हालत नाजुक हो गई। ग्रामीणों ने मदद की, तब जाकर सबकी जान बची। जिला मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर हुई इस घटना के बाद सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया। सीडीओ को काफी देर बाद होश आया। जबकि अन्य अधिकारी-कर्मचारियों का इलाज किया जा रहा है। वहीं एडीएम की हालत बिगडऩे पर उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया।

**डीएम अक्षय त्रिपाठी लगातार करते रहे देखभाल**

मधुमक्खियों का हमला होने की खबर मिलने पर आहत हुये अधिकारियों के मेडीकल कॉलेज के इमरजेंसी में पहुंचने पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी तत्काल अस्पताल पहुंच गये। यहां डीएम ने मानवता की मिशाल पेश करते हुये सभी अधिकारियों की स्वयं सेवार्थ सहायता की। उन्होंने स्वयं करीब दो घण्टे से अधिक समय तक आहत अधिकारियों के समक्ष उपस्थित रहकर उपचार कराया।

**विधायक ने अस्पताल पहुंचकर जाना हाल-चाल**

देवगढ़ में बौद्ध गुफाओं के पास मधुमक्खियों के हमले से आहत अधिकारियों की जानकारी लगने पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा जिला अस्पताल के सीसीयू कक्ष में पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों से उनका हाल-चाल जानते हुये सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और सभी के जल्द स्वस्थ्य होने की कामनाएं की।

**डीएम ने जारी किया अपना बयान**

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अपना बयान जारी करते हुये बताया कि प्रमुख स्टाफ ऑफिसर मुख्य सचिव के आदेश अंतर्गत जनपद में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत हर घर नल योजना तथा गो-आश्रय स्थलों व 50 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं के भौतिक सत्यापन व निरीक्षण हेतु रेशम विकास एवं युवा कल्याण विभाग विशेष सचिव सुनील कुमार वर्मा को नोडल अधिकारी बनाकर भेजा गया है। 25 मई 2025 को पूर्वाह्न में संबंधित अधिकारियों के साथ नोडल अधिकारी देवगढ़ एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्र में निरीक्षण हेतु गए थे।

निरीक्षण के लिए कुछ दूरी पर ही निकले थे, इस समय मधुमक्खियों द्वारा अधिकारियों पर आकस्मिक रूप से हमला कर दिया गया। हमले में सीडीओ के.के.पाण्डेय, एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए एवं तीन कर्मचारी सामान्य रूप से घायल हुए। सूचना मिलने पर सीएमओ टीम के साथ, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एसडीएम सदर चन्द्रभूषण प्रताप सिंह अधिनस्थों के साथ पहुंचे। जहां उनको प्राथमिक उपचार प्रदान करते हुए जनपद मुख्यालय जिला अस्पताल में लाया गया।

सभी को आवश्यक उपचार दिया गया। सीडीओ व अन्य की स्थिति सामान्य हो गई है किंतु एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव को बेहतर उपचार हेतु झांसी मेडिकल कॉलेज हेतु संदर्भित किया गया है, जहां वह उपचाराधीन हैं व सामान्य अवस्था में हैं। नोडल अधिकारी पूर्ण रूप से ठीक हैं व अधिकारियों के साथ क्षेत्र में निरीक्षण कर रहे हैं। स्थिति सामान्य है।

# संयोजक ने कांग्रेस के बूथ गठन पर दिया जोर

## समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाने की बात कही



**ललितपुर।** सृजन संगठन की आवश्यक बैठक स्टेशन रोड स्थित एक होटल में सम्पन्न हुयी। बैठक में जिला संयोजक मुकुट सिंह बुन्देला व बलवान सिंह यादव के आतिथ्य के मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने की। इस दौरान अतिथि मुकुट सिंह बुन्देला ने सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की गहन समीक्षा की और कड़े निर्देश दिये, जिससे संगठन को मजबूत करने के लिए सभी वर्गों का सहयोग लेने की बात कही और गांव-गांव पहुंच कर सभी लोग बूथों पर कमेटियां बनाने में जुट जायें। अतिथि बलवान सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है, जो जनहित में बिजली, पानी, सड़कों का मुद्दा अहम रूप से उठाकर संघर्ष कर रही है। कहा कि कांग्रेस के पूर्व केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने बिजली, पानी की बुन्देलखण्ड में समस्या को सड़क पर धरना देकर उठाया। इसमें बुन्देलखण्ड के सभी जिलों में बिजली और पानी की समस्या बनी हुयी है। जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मेहनत से राहुल जी के दिशा-निर्देशों को कढ़ाई से पालन करें। हम सभी को कंधे से कंधा मिलाकर गांव-गांव में जागरूकता लानी है और बूथों का गठन करना है। प्रकोष्ठों के गठन में उन्होंने कहा कि सभी अपनी-अपनी कमेटियां गठित करें, जिन प्रकोष्ठों का गठन अभी तक नहीं हुआ है, उसे जल्द गठित किया जायेगा। बैठक में पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह बंटी, मनमोहन सिंह चंदेल, रामसिंह यादव, अजय प्रताप सिंह तोमर, पूर्व नगराध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, अंकित यादव, मोन्टी शुक्ला, रामअवतार, राकेश रजक, रामभरोसे कुशवाहा, श्याम सुन्दर, नीरज पाराशर, बलवंत सिंह राजपूत, अशोक स्वर्णकार, असलम खां, महेन्द्र, सुनील, बहादुर, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, संतोष राय, संजीव चौरसिया, रामनरेश दुबे, आसिफ, नेहा, रफीक अली, शशिकांत दीक्षित, मकरंद किलेदार विक्की आदि मौजूद रहे।

# पुत्री को बाइक से पिता ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला विदिशा अंतर्गत रहने वाली हेमलता विश्वकर्मा पत्नी मोहित विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि ललितपुर के मोहल्ला रावतयाना रामलीला बंध के पास रहने वाले उसके पिता केशवदास विश्वकर्मा के यहां आयी हुयी थी। बताया कि 21 मई को सुबह करीब 8 बजे उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री तनुश्री घर के बाहर खेल रही थी। तभी पड़ौस में रहने वाला दिनेश यादव ने उसकी पुत्री को मोटर साइकिल से टक्कर मार दी, जिससे उसकी पुत्री रोने लगी। आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंची और घटना को देखा और बिना कुछ कहे पुत्री को घर के अंदर ले गयी।

# संक्षिप्त समाचार

## मारपीट कर जान से मारने की दी धमकी

**ललितपुर।** आईटीआई कांशीराम कालोनी में रहने वाली रज्जो पत्नी ओमप्रकाश ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते शुक्रवार को रात 8 बजे घर पर थी। तभी कालोनी में रहने वाले शिवम व शिवा पुत्रगण बल्लू कुशवाहा आये और गालियां देने लगे और विरोध करने पर अभद्रता करते हुये मारपीट करने लगे। मौके पर पुत्र राजेश आ गया, जिसने घटना देखी। इस हमले में उसके पुत्र राजेश को सिर में गंभीर चोट लग गयी। आरोप है कि उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## समाज कल्याण कार्यालय के बाहर से बाइक चोरी

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला चांदमारी निवासी यशवन्त श्रीवास्तव पुत्र रामलखन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह समाज कल्याण भवन में कार्यरत हैं। बीती 27 मार्च 2025 को वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एल 3768 को लेकर समाज कल्याण कार्यालय आया हुआ था, जहां उसने अपनी मोटर साइकिल को ऑफिस की पार्किंग में खड़ी कर अंदर चला गया। शाम करीब 5.30 बजे बाहर आया तो देखा कि उसकी बाइक गायब थी। उसने काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक नहीं मिली। यशवन्त श्रीवास्तव की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एकराय होकर मारपीट करने पर एफआईआर

**ललितपुर।** थाना बानपुर के ग्राम कैलगुवां निवासी रमेश साहू पुत्र स्व.मर्दनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 11 अप्रैल 2025 को शाम करीब 5.30 बजे वह घर के बाहर बैठा हुआ था। तभी उसका भाई रामकिशन व भतीजा अंकित एकराय होकर आये और दोनों ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। चीख-पुकार मचाने पर गांव के लोगों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया

**ललितपुर।** बानपुर अंतर्गत ग्राम निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना घुवारा के ग्राम नयाखेड़ा निवासी रोहित पाल जो कि गांव के इमरत व पिन्टू पुत्रगण बूढ़े पाल का भानेज दमाद का छोटा भाई रोहित है। रोहित व बिन्दू के घर पहले से आता था। उसने बताया कि वह उसकी पुत्री से बात करता था। उसने कई बार रोहित को समझाया। बताया कि 21 मई को 10 बजे उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 137 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## डीजल टैंकर ने मारी थी टैक्सी में टक्कर

**अब टैक्सी चालक की तहरीर पर दर्ज हुयी एफआईआर**

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम म्यांव निवासी शिशुपाल सिंह पुत्र फेरनसिंह ठाकुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 अप्रैल 2025 को अपराह्न 1.30 बजे वह अपनी टैक्सी संख्या यू.पी. 94 टी 5474 लेकर म्यांव से तालबेहट आ रहा था। वह जैसे ही रवि अगरिया के मकान के सामने ग्राम तरगुवां जखौरा पर आया, तभी डीजल टैंकर संख्या यू.पी. 93 सी.टी. 1492 के अज्ञात चालक ने टैक्सी में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे टैक्सी में बैठी सवारी भगवत सिंह पुत्र फेरन सिंह, जयराम पुत्र किशनलाल कुशवाहा, माया पत्नी अजुद्दी व एक महिला ललितपुर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी रूप सिंह घायल हो गया। बताया कि घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां घायलों को उपचार के लिए झांसी रेफर कर दिया गया, जहां घायलों का उपचार चल रहा है और टैक्सी भी क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने डीजल टैंकर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी), 324 (4) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में युवक पकड़ा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एडीएम कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी तालबेहट के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना तालबेहट पुलिस ने पंजीकृत मु.अ.सं. 226/25 धारा 105, 115(2), 352, 351(2) बीएनएस में वांछित एक अभियुक्त ग्राम बम्हौरीसर निवासी पारीक्षत रैकवार पुत्र स्व.सुखलाल को हिरासत में लिया गया है। बदमाश को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी, उ.नि.बलराम शर्मा, हे.का. विक्रम विशाल द्विवेदी, हे.का.शीलेन्द्र भदौरिया आदि शामिल रहे।

# कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचाएं पीडीए का संदेश : नेपाल सिंह

## जखौरा में सपा जिलाध्यक्ष ने की बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक, कार्यकर्ताओं में भरा जोश




**ललितपुर।** लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के बाद समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दीं हैं। सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ता चुनाव में जुट गए हैं। इसी क्रम में रविवार को ब्लॉक जखौरा सेक्टर में बूथ स्तर पर समीक्षा बैठक हुई। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने बूथ वार समीक्षा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता अपने अपने बूथ को मजबूत करें। अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़े। पीडीए अभियान को गति दें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा चलाए जा रहे पीडीए संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं। वहीं उन्होंने कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव प्रमोद इमलिया ने किया, तो वहीं आभार ब्लाक अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह बसवां ने व्यक्त किया। समीक्षा बैठक में शिशुपाल, अशोक अहिरवार, तिलक सिंह, भजनलाल कुशवाहा, प्रमोद यादव, नरेंद्र सिंह, हरिसिंह यादव, राजकुमार यादव, चंद्रपाल यादव, सौरभ यादव, महेंद्र यादव, बृजेंद्र यादव, हन्नु सहरिया, राघवेंद्र यादव, चंद्रपाल यादव, धर्मेंद्र लोधी, संदीप यादव, गब्बर यादव, वृंदावन यादव, मुलायम यादव, कृष्णा राजपूत, महीप अहिरवार, शंकर, देवेंद्र, राम, कल्लू पाल, संजीव यादव, रामेश्वर यादव, रहीश, रतिराम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# एचबीएम हॉस्पिटल में कार्य करने आये विदेशी व्यक्ति का खोया फोन लौटाया



**ललितपुर।** जिले की पुलिस ने एचबीएम हॉस्पिटल में कार्यरत अमेरिकी नागरिक के खोए हुए मोबाइल फोन को सकुशल बरामद कर सुपुर्द किया गया। बताया गया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के 106 विदहाल आरडी एपीटी.23 एमेसबरी एम.ए. 01913 निवासी डा. डैनिल ब्रेन हैन्रिक्स ललितपुर के सिविल लाइन स्थित एचबीएम हॉस्पिटल में कार्य करने अमेरिका से आये थे। डा. डैनिल ब्रेन हैन्रिक्स का 01 अप्रैल 2025 को मोबाइल फोन खो गया था, जिसकी सूचना उन्होंने साइबर क्राइम थाना में दी गई थी।

सूचना पर साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये सर्विलांस के माध्यम से उक्त खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए हर संभंव प्रयास कर, डा.डेनिल के खोए हुए मोबाइल फोन को सकुशल बरामद किया गया। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने डा.डेनिल को थाने पर बुलाकर उनके खोए हुए मोबाइल फोन को उन्हें सुपुर्द किया।

डा.डेनिल ने फोन वापस मिलने पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, साइबर क्राइम थाना पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## सफलता की कहानी

# हिंदी माध्यम से जीव विज्ञान में शत-प्रतिशत अंक



**ललितपुर।** प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ आचार्य श्रीविद्यासागर महाराज के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संचालित एक प्रतिष्ठित हिंदी माध्यम (सीबीएसई) विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा अंशिका जैन ने जीव विज्ञान (बायोलॉजी) विषय में 100/100 अंक प्राप्त कर शत प्रतिशत सफलता हासिल की एवं कांची जैन ने 99/100 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि मातृभाषा में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। इस सफलता के संबंध में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने कहा है कि सबसे ज्यादा एकाग्रता से पढने और लिखने वाले विद्यार्थी प्रथम (अव्वल) आते हैं। एकाग्रता से पढना-लिखना सहज तब होता है, जब यह काम हम अपनी भाषा में करते हैं। अव्वल आने के लिए अपनी भाषा में सोचना, समझना, सीखना औए प्रयोग करने को बढ़ावा देना होता है। अंशिका जैन व कांची जैन की शिक्षिकाओं ने उनकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उन्हें विषय को समझने में मदद की और नियमित अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करके अपनी तैयारी को और भी दृढ़ बनाया।

शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन एवं समर्थन ने उन्हें सफलता के उच्च शिखर पर पहुंचा दिया। हिंदी माध्यम के लिए प्रेरणा- अंशिका जैन व कांची जैन की सफलता मातृभाषा में पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए एक प्रेरणा है जो यह दर्शाता है कि माध्यम शिक्षा के क्षेत्र में कभी भी बाधक नहीं होता और मातृभाषा में प्राप्त की गई शिक्षा अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करती है। ये सफलता उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है जो मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त कर उसे जीवन उपयोगी बनाने के लिए अग्रसर हैं।

# अनुराग अवस्थी होंगे शहर के नये कोतवाल

## चार निरीक्षक व एक उप निरीक्षक का स्थानान्तरण



**ललितपुर।** शहर क्षेत्र में बढ़ते अपराधों पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने रविवार की सुबह कुछ पुलिस अधिकारियों के स्थानान्तरण करते हुये महत्वपूर्ण कार्य को अंजाम दिया है। पुलिस महकमे के सोशल मीडिया सेल से जारी सूची के अनुसार एसपी ने चार निरीक्षकों व एक उप निरीक्षक का स्थानान्तरण किया है। जारी सूची के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र मिश्रा को प्रभारी निरीक्षक थाना पूराकलां बनाया गया है। उनके स्थान पर अब तालबेहट थाना प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी शहर के नये कोवताल होंगे। इसके अलावा थाना बानपुर में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे निरीक्षक मनोज मिश्रा को एसपी ने प्रभारी निरीक्षक तालबेहट बनाया है। पुलिस अधीक्षक के वाचक रहे निरीक्षक अखिलेश कुमार को थाना गिरार का नया प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। उप निरीक्षक अरूण कुमार तिवारी को थानाध्यक्ष पूराकलां से थानाध्यक्ष बानपुर बनाया गया है।

# लोकमाता अहिल्या बाई का शासनकाल इतिहास के पन्नों में छिपा प्रेरणादायी अध्याय है : दीपक म्हस्के

**रायपुर, कासं.।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा धमतरी में शनिवार को अहिल्या बाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को लेकर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में अतिथि के रूप में पहुंचे छग मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक म्हस्के ने कहा कि पुण्य श्लोक लोकमाता रानी अहिल्या बाई होल्कर का शासनकाल इतिहास के पन्नों में छिपा एक ऐसा प्रेरणादायी अध्याय है जिसका प्रत्येक खंड देश को महान बनाने की शिक्षा देता है। एक पत्नी के रूप में, एक राज परिवार की बहु के रूप में तथा परिस्थितियों के चलते जब उन्हें शासन की बागडोर सौंपी गई तो एक कुशल शासिका के रूप में उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र और धर्म के प्रति अगाध प्रेम को अपनी नीतियों एवं कार्यशैली से प्रमाणित किया। धमतरी भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि भारत देश में महिला सशक्तिकरण का सबसे पहला उदाहरण यदि कोई है तो वो रानी अहिल्या बाई होल्कर है। उन्होंने लंबे समय तक इस देश में शासन किया। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत उन्होंने की। उन्होंने अपने कार्यकाल में पहली बार डाक सेवा की शुरुआत की। भगवान शंकर के प्रति अगाध आस्था होने के कारण उनको शिवकामिनी की भी उपाधि दी गई।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, कासं.।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार दिया। दोनों हही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में अमीनपरा पुरानी बस्ती निवासी शेख कुतुबदीन 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केआर 5054 को बागड़ी नर्सिंग होम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बजरंग नगर बीरगांव निवासी रूपेन्द्र निषाद 40 वर्ष ने उरला थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएन 9887 को दुकान के बाहर जंजीर बांधकर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

# लिफ्ट लेकर रुपयों से भरा बैग लेकर फरार

**रायपुर, कासं.।** अज्ञात व्यक्ति ने लिफ्ट लेकर अधेड़ के रुपयों से भरा बैग पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप रहेजा 55 वर्ष टाटीबंध का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका कर्मचारी पितांबर चंद्राकर दुकान का वसूली पैसा लेकर एक्टिवा से जा रहा था, तभी भनपुरी चौक के पाटीदार भवन के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने उससे लिफ्ट मांगा। जिससे पितांबर ने उसे लिफ्ट दिया। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# दुकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, कासं.।** हेमु कल्याणी चौक नेवरा स्थित दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्यनारायण साहू 30 वर्ष लांजा सिमगा का रहने वाला है। प्रार्थी का हेमु कल्याणी चौक नेवरा में दुकान है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके दुकान का ताला तोड़कर टेबल फैन, एल्युमिनियम वायर व ग्लैण्डर मशीन पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने अचानक सीएमएचओ कार्यालय का किया निरीक्षण

## स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में की समीक्षा और दिए आवश्यक दिशा : निर्देश



**ग्वालियर।** स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिये कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान रविवार को अचानक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पहुँचीं। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव के साथ ही विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने निरीक्षण के दौरान अस्पतालों एवं नर्सिंग होम में बीएमडब्ल्यू (बायोमेडीकल वेस्ट) का निस्तारण किस तरह किया जा रहा है, इसकी जानकारी ली। अस्पताल से बीएमडब्ल्यू उठाने वाली कंपनी के क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश दिए हैं कि इसकी निरंतर मॉनीटरिंग की जाए और 15 दिन में रिपोर्ट भी प्राप्त की जाए। सभी नर्सिंग होम की 5 जून तक जियो टैगिंग की भी जाए। अस्पताल एवं नर्सिंग होम का कोई डॉक्टर नर्सिंग होम छोड़कर जाता है तो उसकी एंट्री पोर्टल पर अनिवार्यतः की जाए। जिले के सभी नर्सिंग होम एवं अस्पतालों में फायर सेफ्टी, एनओसी एवं इलेक्ट्रिक ऑडिट के संबंध में भी प्रभारी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। सभी नर्सिंग होमों की फायर सेफ्टी एनओसी एवं इलेक्ट्रिक ऑडिट का प्रमाण-पत्र पाँच दिन में जमा कराया जाए। सभी चिकित्सक एवं स्टाफ की जानकारी फिजिकली एवं पोर्टल के माध्यम से ली जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया है कि कोविड-19 की संभावनाओं को देखते हुए अभी से ऑक्सीजन बैड, संख्या, वेंटीलेटर, दवायें आदि की व्यवस्था का प्लान तैयार रखें। इसके साथ ही 108 एम्बूलेंस व प्राइवेट एम्बूलेंस के संबंध में भी निर्देश दिए। 108 एम्बूलेंस के कर्मचारियों का ईपीएफ कट रहा है या नहीं यह भी सुनिश्चित किया जाए। श्रम विभाग के नियमों का पालन हो और 108 के सभी कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण 15 दिन में अनिवार्यतः कराया जाए। कलेक्टर ने आयुष्मान योजना के संबंध में निर्देश दिए हैं कि आयुष्मान अस्पताल यह सुनिश्चित करें कि जिन बीमारी का आयुष्मान में पंजीयन किया गया है, उनकी सूची अस्पताल के सामने 4x6 वर्ग फुट बैनर पर अंकित हो, जिस पर बीमारी का नाम लिखा हो। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सभी जरूरतमंदों को मिले, इसकी निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। गर्मी के मौसम को देखते हुए शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में जो भी व्यवस्थायें अपेक्षित हैं उन्हें पूरा किया जाए।

# आमजन को किया स्वच्छता के प्रति जागरूक



**ग्वालियर।** स्वच्छ ग्वालियर के अंतर्गत शहर में म्यूज एवं डिवाइन संस्था के सहयोग से नगर निगम ग्वालियर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न मोहल्लों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं संस्थानों में जाकर छात्र-छात्राओं एवं आमजन को गीला सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। आईईसी के नोडल अधिकारी श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर में स्वच्छ ग्वालियर अंतर्गत नगर निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज द्वारा आज विभिन्न वार्डो में नागरिको को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, घर में चार डस्टबिनों की व्यवस्था करने तथा कचरा केवल निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही संस्था-डिवाईन टीम द्वारा गांधी पार्क फूलबाग पर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करने,कपड़े की थैलियों व अन्य बायोडिग्रेडेबल वस्तुओं का उपयोग करने का संदेश दिया साथ ही 4 बीन सेग्रिगेशन के बारे में जानकारी देकर अपने घर, गली-मोहल्ले एवं सार्वजनिक स्थानो मे सफाई रखने के लिए आग्रह किया।

### श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई., भोपाल में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह संस्था विशेष रूप से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की संतानों को विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करती है। आवेदन के इच्छुक अभ्यर्थी कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल www.dsd.mp.gov.in पर 31 मई 2025 तक पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में संचालित दो वर्षीय पाठ्यक्रमों में तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन एवं सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट शामिल हैं। वहीं एक वर्षीय पाठ्यक्रमों में फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी एवं वेल्डर ट्रेड संचालित हैं। वेल्डर ट्रेड में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा आठवीं उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। शेष सभी ट्रेडों के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। यह योजना पंजीकृत श्रमिकों एवं उनके आश्रितों के लिए तकनीकी दक्षता का सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। इच्छुक छात्र समय पर पंजीयन कर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम आज से

**ग्वालियर।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम दिनांक 26 मई से 06 जुलाई 2025 तक चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शहर के प्रत्येक मार्गों पर सीएनडी वेस्ट सफाई, सॉलिड वेस्ट सफाई, अतिक्रमण, सीवर, जल प्रदाय इत्यादि कार्य विभागों द्वारा कराया जाएगा। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के जारी आदेशानुसार नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम अंतर्गत दिनांक 26 मई 2025 को राठौर प्रतिमा हजीरा से गोले का मंदिर पर पेंटिंग प्रतियोगिता, यातायात जागरूकता, पीयूसी चेकिंग आदि, दिनांक 27 मई को फूलबाग से किलागेट तक जागरूकता अभियान अंतर्गत मानव श्रृंखला बनाई जाएगी। दिनांक 28 मई को आईटीआई कॉलेज से नारायण बिहार संजय नगर पुल आईआईटीटीएम से से होते हुए पुरानी छावनी तक जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। दिनांक 29 मई को पडाव चौराहा से गुरुद्वारा तक नुक्कड नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता, जन भागीदारी द्वारा पार्क की सफाई, दिनांक 30 मई को इंद्र गंज चौराहा से महाराज बाडा चौराहा तक मेगा ड्राइव पॉलीथिन नो प्लास्टिक जोन, दिनांक 31 मई को गुरुद्वारा से इंद्र गंज चौराहा पर जन भागीदारी द्वारा दीवारों पर चित्रकारी विषय वायु सुधार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल

### 'शक्ति दीदी' आत्मनिर्भर बनकर महिलाओं के लिये बनीं उदाहरण
### जिले में जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को मिले बेहतर अवसर
### जिले में पेट्रोल पंपों पर 45 शक्ति दीदियाँ फ्यूल डिलेवरी वर्कर का दायित्व संभाल रही हैं




**ग्वालियर।** महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ग्वालियर में एक अनूठी और अद्वितीय पहल हुई है। ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना को साकार करते हुए समाज की आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा और जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर ÷शक्ति दीदी÷ के रूप में तब्दील कर दिया गया। आज ग्वालियर जिले के अनेक पेट्रोल पंपों पर यह शक्ति दीदियाँ फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। कलेक्टर ने इन शक्ति दीदियों को फ्यूल वर्कर के रूप में नौकरी दिलाने की अनूठी पहल का जो सिलसिला शुरू किया, वह अब काफी आगे बढ़ चुका है। अभी तक जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर 45 जरूरतमंद महिलायें शक्ति दीदी के रूप में काम करके अपने परिवार का बेहतर ढंग से पालन-पोषण कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा के अनुरूप महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिये ग्वालियर जिले में ÷शक्ति दीदी÷ के नाम से इस पहल की शुरूआत की। कहानी भी काफी रोचक है। दरअसल हर मंगलवार को लोगों की समस्यायें जानने के लिये कलेक्ट्रेट में होने वाली जन-सुनवाई में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के समक्ष अनेक ऐसी जरूरतमंद, विधवा लेकिन ऊर्जा से ओत-प्रोत महिलायें अपने नौकरी के आवेदन लेकर पहुँचती थीं। ऐसी महिलाओं को देखकर कलेक्टर के मन में यह कल्पना आई कि इन्हें पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर का काम भी सौंपा जा सकता है। उन्होंने ऐसी जरूरतमंद महिलाओं से भी इस बारे में बातचीत में राय चाही तो ज्यादातर महिलाओं ने इस काम के प्रति अपना उत्साह दिखाया। इसके बाद पेट्रोल पंप डीलर्स से भी उन्होंने बात की और अंततः ग्वालियर में ÷शक्ति दीदी÷ के रूप में महिलायें पेट्रोल पंपों पर नजर आना प्रारंभ हो गईं। शक्ति दीदियों को पेट्रोल पंप की कमान सौंपने का श्रीगणेश भी समारोहपूर्वक हुआ। जिले में 2 जनवरी 2025 को पाँच पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियों को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में कार्यरत किया गया। इसके साथ ही 16 जनवरी को 5 अन्य पेट्रोल पंपों पर 6 शक्ति दीदियों को, 12 फरवरी को 5 पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियों को, 5 मार्च को जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 4 पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियों को, 2 अप्रैल को शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के 5 पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियों को और एक मई को 6 पेट्रोल पंपों पर 11 शक्ति दीदियों को फ्यूल डिलेवरी वर्कर का काम सौंपा गया। पेट्रोल पंपों पर शक्ति दीदियों को फ्यूल डिलेवरी की जिम्मेदारी सौंपते समय कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने उपस्थित होकर शक्ति दीदियों को एप्रन पहनाकर उनका मनोबल बढ़ाया। इसके साथ ही उनकी सुरक्षा के लिये समीप स्थित पुलिस थाने को भी निरंतर मॉनीटरिंग करने की जवाबदारी सौंपी। जिले में अब तक 30 पेट्रोल पंपों पर 45 शक्ति दीदियां फ्यूल वर्कर के रूप में अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं।

**शक्ति दीदियों को दिया गया है सुरक्षा का कवच**

जिले में महिला सशक्तिकरण के लिये संचालित ÷शक्ति दीदी÷ परियोजना के तहत कार्यरत महिलाओं को प्रशासन की ओर से सुरक्षा कवच भी दिया गया है। सभी पेट्रोल पंपों पर पुलिस के उड़नदस्ते द्वारा निरंतर भ्रमण कर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की जा रही है। सभी महिलायें प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी का दायित्व संभाल रही हैं।

**यह सिलसिला थमा नहीं है**

महिला सशक्तिकरण के लिये जिले में ÷शक्ति दीदी÷ बनाने का सिलसिला अभी थमा नहीं है। जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान निरंतर कार्य कर रही हैं। जिले की ऐसी महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग में संपर्क कर अपना आवेदन देने का आग्रह भी किया गया है। प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर स्वयं जरूरतमंद महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त कराने की दिशा में कार्य कर रही हैं। जिले की शक्ति दीदियाँ न केवल अब सशक्त हुई हैं बल्कि अन्य महिलाओं में भी स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्साह पैदा कर रही हैं।

# कांग्रेस ने कलेक्टर को आवेदन देकर सिविल सर्जन को पदच्युत कर अपराध दर्ज कराने की मांग की

## आवेदन में सिविल सर्जन पर लगाए कई गंभीर आरोप



**मुरैना,कांस।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो व विधायक दिनेश गुर्जर ने सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. गजेन्द्र तोमर के खिलाफ आवेदन देकर उन्हें पदच्युत कर उनके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कराकर दण्डात्मक कार्यवाही की मांग की। कांग्रेस नेताओ ने कलेक्टर को दिए गए आवेदन में कहा कि चिकित्सक भगवान का रूप होता है, जो मानव जीवन की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहता है और समर्पण भाव से ही सेवा करता है, लेकिन जिला चिकित्सालय में पदस्थ सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. गजेन्द्र तोमर का कार्य एवं व्यवहार ठीक नही है, इनके कार्य एवं व्यवहार से जिला चिकित्सालय में पदस्थ महिला नर्से हमेशा परेशान रहती है, जिन्होंने समय-समय पर कलेक्टर से लेकर उपर तक लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है, लेकिन उची पैठ होने के कारण आज तक सिविल सर्जन के खिलाफ कोई कार्यवाही नही हुई। कांग्रेस नेताओ ने कहा कि संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा म.प्र. भोपाल के पत्र क./4/शि./मुरैना/2025/551 दिनांक 17.3.2025 से डॉ. तोमर के खिलाफ शिकायतें सिद्ध होने के बाद अनुशासनात्मक कार्यवाही आदेश होने के बाद भी आज तक नही की गई है। कर्मचारी श्रीमती मीना डेकाटे का वेतन निकालने के नाम पर गलत डिमांड करना,रात्रिकालीन मोबाईल पर अश्लील बात करना जैसे गंभीर आरोपो की लिखित शिकायत कलेक्टर से भोपाल तक करने के बाद भी सिविल सर्जन के खिलाफन मामला दर्ज हुआ और नही इनके खिलाफ कार्यवाही की गई। कांग्रेस ने कलेक्टर को आवेदन देकर मांग की गई कि सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र तोमर को पदच्युत कर उनके खिलाफ मामला पंजीबद्ध कराकर दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर को आवेदन देने वालो में विधायक दिनेश गुर्जर, जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, राजेन्द्र यादव, राकेश परमार, हरीश पाइक विक्रम मुदगल, वकील जाटव सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद थे। कांग्रेस द्वारा कलेक्टर को की गई शिकायत के बचाव में जिला चिकित्सालय का नर्सिंग स्टाफ आया और उन्होने सिविल सर्जन पर लगाए कांग्रेस के आरोपो को झूठा बताकर कहा कि लोग अपने स्वार्थ के चलते सिविल सर्जन को बदनाम कर रहे है और उन्होने एक प्रतिवेदन में हस्ताक्षर कर कलेक्टर को भेज दिया। लेकिन आमजन का मानना है कि भले ही जिला चिकित्सालय का नर्सिंग स्टॉफ उनके फेवर में आ गया है, लेकिन सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र तोमर की कार्यप्रणाली एवं व्यवहार से कोई भी संतुष्ट नही है। इसलिए इन पर समय-समय पर कई संगीन एवं गंभीर शिकायतें कर्मचारियो एवं नर्सिंग स्टाफ द्वारा की गई है उनकी निष्पक्ष जांच शासन प्रशासन को कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## अवैध शराब से भरी गाडी पकडी

**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले भर में चलाई जा रही अवैध शराब माफ़ियाओ के खिलाफ विशेष अभियान के तहत बानमोर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से थाने के सामने चैकिंग पाइंट लगाकर वाहन क्रमांक एमपी06 सीबी 3179 को रोककर उसकी तलाशी लेने पर उसे में 5 पेटी हंटर वीयर, 4पेटी देशी मशाला मदिरा एवं 15 पेटी देशी मदिरा प्लेन जप्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आवकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

## घर में घुसकर मारपीट

**मुरैना,कांस।** जिले के सराय छौला थानान्तर्गत आने वाले ग्राम कैमरा में धर्मेन्द्र पुत्र देवीराम जाटव उम्र 31 साल निवासी बुद्धा का पुरा मौजा मीरपुर जब तुस्सी जाटव के घर पर था कि उसी समय पुरानी रंजिश के चलते आरोपी प्रदीप निवासी खनेता, वृजेश, आदित्य, नवीन, महेश ने घर में घुसकर मारपीट कर पीडित का मोवाईट तोड दिया। थाना पुलिस ने पीडित की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफ आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अम्बाह शाखा नहर की वितरिका 4 एल की माइनर 2 आर की आर.डी. 130 मी. पर जंगल सफाई की गई



**मुरैना,कांस।** जल संसाधन संभाग मुरैना के अधीन जल संसाधन ए.बी.सी. उप संभाग क्र. 1 सबलगढ़ के मैदानी अमले में श्री सोनवीर सिंह भदोरिया अमीन, श्री लीजो अमीन, श्री श्याम बाथम कंडक्टर तथा विभागीय श्रमिकों एवं गणमान्य ग्रामीण नागरिकों के द्वारा 24 मई को जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 के अंतर्गत साफ सफाई का कार्य किया गया। यह कार्य अम्बाह शाखा नहर की वितरिका 4 एल की माइनर 2 आर की आर.डी. 130 मी. पर जंगल सफाई का कार्य जन भागीदारी, जन सहयोग से किया गया तथा सभी ने एक जुट होकर श्रमदान किया।

# चिकित्सा यदि अध्यात्म से जुड़ जाए तो रोगमुक्ति सरल : घनश्याम दास

### स्वर्गीय मेजर राम कुमार शर्मा जी की आज पुण्य तिथि पर सभी ने दी श्रद्धांजलि, सभी को प्रसादी, संतो ब्राह्मणों का पिता स्वरूप में किया सम्मान, न्यास सेवक हाकिम भैया ने चित्रकूट बानर सेवा हेतु दिया अन्न दान, न्यास के सेवक डॉ एस के गुप्ता की माताजी का गोलोक गमन , सेवकों ने दी श्रद्धांजलि



**मुरैना,कांस।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 272 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 89 स्वः जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 75, नाक कान गला 49, सर्जरी 42, अस्थि रोग 47, नैत्र रोग 25, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट2, ब्लड प्रेसर की जाँच 42, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 32, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 19, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 32, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया60, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज21, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमेङ्क आँखों की जाँच 14 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के.शर्मा, डॉ बी.एल.राजपूत, डॉ मुकुल सिंघल, डॉ दीपक बंसल, गुड्डी, कस्तूरी, ओमवती, सलोनी, शीतल, राजश्री, प्रेमा, आशा, मीरा, लक्ष्मी, ममता, बबीता, विमलेश, श्यामवती, मनीराम, होतम, रमेश बाउजी, श्याम शर्मा, भगवान शर्मा, मयूर, परोसतम, राम चरण, दीपू, हाकिम, रामसिंह, घिरसिंह, गोदाका, महावीर, अरुण, रामवीर, अभिषेक निःशुल्क सेवाए प्रदान की। प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया। आज परमार्थ न्यास में घनश्याम दास जी पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर हृदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि संत अपने मन और सूक्ष्म देह को पीड़ित व्यक्ति के मन और सूक्ष्म देह के साथ जोड़ लेता है, और इस प्रक्रिया में रोग पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से योगी के शरीर में संक्रमित हो जाता है। देह-भूमि पर ईश्वर-साक्षात्कार की फसल काट लेने के बाद सिद्ध पुरुष अपने शरीर की चिंता नहीं करता। फिर वह दूसरों के कष्ट कम करने के लिये अपने शरीर को रोगग्रस्त होने भी देता है, तो भी उसके कभी दूषित न हो सकने वाले मन पर उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। ऐसी सहायता कर पाने के लिये वह अपने आप को भाग्यवान मानता है। ईश्वर में सायुज्य मोक्ष प्राप्त करने में ही मानव-देह का उद्देश्य संपूर्ण रूप से पूरा होना अंतर्निहित है; यह हो जाने के बाद सिद्ध पुरुष उसकी जैसी इच्छा हो वैसा अपने देह का उपयोग करता है। एक चिकित्सक का संसार में कार्य है मानवजाति के दुःख कम करना, चाहे वह आध्यात्मिक उपायों से हो या बौद्धिक उपदेशों से, या इच्छाशक्ति के द्वारा हो या उनके रोगों के उपचार द्वारा । कर्मसिद्धान्त के कार्य कारण नियम की पूर्ति कर सकता है। यह नियम गणित की-सी अनिवार्यता से अपने आप कार्य करता है; इस की कार्य विधि में ब्रह्मज्ञानी वैज्ञानिक आधार पर फेरबदल कर सकते हैं। आध्यात्मिक नियम यह अनिवार्य नहीं बनाता कि कोई गुरु या सिद्ध पुरुष जब-जब दूसरे किसी मनुष्य को रोगमुक्त करें तो वह स्वयं बीमार हो जायें। तुरन्त स्वस्थ करने की विभिन्न पद्धतियाँ हैं जो सन्तों को ज्ञात होती हैं, जिनमें आध्यात्मिक तरीके से रोगनिवारण करने वाले को कोई क्षति नहीं होती। सामान्यतः सन्तजन ऐसी ही किसी पद्धति से लोगों को रोगमुक्त कर देते हैं। परन्तु कभी-कभी, हालाँकि यह बहुत विरले ही होता है. कोई गुरु अपने शिष्यों के क्रमविकास में अत्यधिक गति लाना चाहता है, तब वह उनके अवांछनीय कर्मों के बहत बडे भाग को अपने ऊपर लेकर उनके परिणामों को अपने शरीर में भोग कर उन्हें निष्फल कर सकता है। आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं हृदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

# कांग्रेस सेवादल ने ध्वजारोहण किया



**मुरैना,कांस।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवादल के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सार्वजनिक स्थान पर ध्वजारोहण कार्यक्रम के तहत 25 5 2025 माह के अंतिम रविवार को अंबाह लक्ष्मी टॉकीज चौराहे मुरैना कांग्रेस सेवादल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक और कांग्रेस सेवादल पदाधिकारी उपस्थिति रहे जिनके द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के निर्देश पर मुरेना जिले में प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम की शुरुआत आज की गई है अभी ये ध्वजारोहण कार्यक्रम ब्लाक स्तर पर आयोजित किए जाएंगे इसके पश्चात इन्हें वार्ड लेवल पर भी ले जाया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस सेवादल मुरैना के कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश सचिव बृज किशोर उपाध्याय जी अवधेश कटारी रमेश रजक ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सकवार संत सिंह सोनपाल त्यागी ज्ञान सिंह सकवार पवन कुमार राजू शर्मा हरिओम सिंह जगदीश प्रसाद रामावतार उपाध्याय राम प्रकाश उपाध्याय पुरुषोत्तम सिंहकांग्रेस सेवा दलके सभी पदाधिकारी से मौजूद रहे।

### टीकमगढ़ से नई कनेक्टिविटी के माध्यम से पहली कोयला रेक का सफलतापूर्वक आगमन

**झांसी।** मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में झांसी मंडल हर रोज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसी क्रम में दिनांक 24 मई 2025 को शाम 08:04 बजे नई टीकमगढ़ कनेक्टिविटी के माध्यम से ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (एल पी जी सी एल), आर एंडडी यार्ड में पहली कोयला रेक का सफलतापूर्वक आगमन हुआ। एलपीजीसीएल के वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी श्री नयन शर्मा ने बताया कि इससे कंपनी की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। यह झाँसी मंडल के लॉजिस्टिक संचालन को और अधिक कुशल एवं सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।इस नई टीकमगढ़ कनेक्टिविटी से कई महत्वपूर्ण लाभ प्राप्त होंगे। इससे मालगाड़ियों की आवाजाही में तेजी आएगी, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।ऊर्जा संयंत्रों तक कोयले की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होने से विद्युत उत्पादन में निरंतरता बनी रहेगी और संभावित बिजली संकट से राहत मिलेगी। बढ़े हुए माल परिवहन से रेलवे की आय में वृद्धि होगी, जिससे यात्री सुविधाओं के विकास को गति मिलेगी। साथ ही, इस सम्पर्क मार्ग के माध्यम से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। यह कनेक्टिविटी आने वाले समय में बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास में सहायक सिद्ध होगी।



जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

# उन्नत कृषि से बढ़ती समृद्धि



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

आइए, जुड़िए मध्यप्रदेश की नई कृषि क्रांति से

# कृषि-उद्योग समागम 2025

एवं

## खाद्य प्रसंस्करण उद्यमियों का सम्मेलन

26 से 28 मई 2025



मंगुभाई पटेल, राज्यपाल



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्य अतिथि

## जगदीप धनखड़

उपराष्ट्रपति, भारत

गरिमामयी उपस्थिति

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

26 मई, 2025 | अपराह्न 12:15 बजे | नरसिंहपुर

## मुख्य आकर्षण



- मुख्यमंत्री द्वारा हितलाभ वितरण और निवेशकों के साथ संवाद
- विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी
- नवीन कृषि तकनीकों, यंत्रों एवं ड्रोन्स का प्रदर्शन
- सूक्ष्म सिंचाई, संरक्षित खेती और बायो फर्टिलाइज़र की प्रदर्शनी
- खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती और मत्स्य पालन एवं पशुपालन का प्रदर्शन
- राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी
- एफपीओ, निर्यातक, स्टार्ट-अप्स की संगोष्ठी
- कृषकों द्वारा किए गए नवाचारों का प्रदर्शन
- कृषक सम्मेलन एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents

@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh

@Cmmadhypradesh @jansamparkMP

JansamparkMP

D-11028/25

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी